हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025



# तिमाही-छमाही का बढ़ा महत्व, वार्षिक परिणाम में जुड़ेंगे 50% अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया है। अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। मतलब कि तिमाही-छमाही परीक्षा में कम अंक आने पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट प्रभावित होगा। यह व्यवस्था चालू शिक्षा सत्र से ही लागू कर दी गई है। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

शिक्षा विभाग के इस फैसले में 10वीं-12वीं के छात्रों को छोड़कर राज्य के लगभग 45 लाख छात्र प्रभावित होंगे। शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र से ही रिजल्ट का नया फार्मूला लागू कर दिया है। राज्य के सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को रिजल्ट के नए फार्मूले के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सिस्टम में ज्यादातर स्कूलों में परीक्षा केवल औपचारिकता निभाने के लिए ली जाती है। जबकि तिमाही-छमाही टेस्ट छात्रों के तीन और छह माह की तैयारियों का आंकलन करने के लिए आयोजित होते हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरती जाती है।

## जिले में तिमाही और छमाही परीक्षा निपटने के बाद आया आदेश, संशय में स्कूली बच्चे

### फेल करने का नियम ही बदल दिया

गौरतलब है कि राज्य में 2010 के पहले भी कुछ शिक्षा सत्रों में वार्षिक परीक्षाफल तैयार करने का यही सिस्टम लागू किया गया था। उस समय भी तिमाही व छमाही परीक्षा के अंकों को जोड़कर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाता था। उसी दौरान 2010 में आरटीई यानी शिक्षा का अधिकार कानून लागू हो गया है। उसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को फेल करने का नियम ही बदल दिया गया। यानी पहली से आठवीं तक सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से पास करने का सिस्टम लागू कर दिया गया। उसके बाद से मूल्यांकन का फार्मूला बदल दिया गया।

### तिमाही के 20% और छमाही के 30% अंक जुड़ेंगे



नई व्यवस्था के मुताबिक कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी में तिमाही व छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20-20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी तिमाही-छमाही का 20-20 प्रतिशत और वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर ही परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा में छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी छमाही का 30 फीसदी एवं वार्षिक का 70 फीसदी मिलाकर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

### माशिम से भी मंजूरी!

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए भी छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों को भी स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इस बारे में जानकारों का कहना है कि छात्र तिमाही व छमाही में अगर अच्छे अंक पाते हैं तो उन्हें फायनल एग्जाम में मदद मिलेगी।

### रिजल्ट में जोड़े जाएंगे अंक

अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

- पीएस बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी

## खबर संक्षेप

### 8 डिग्री पर पहुंचा पारा

**राजनांदगांव।** जिले में ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। उत्तरी दिशा से आ रही शुष्क हवाओं के चलते अंचल का न्यूनतम तामपान लुढ़ककर अब 8 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ठंड से आने वाले दिनों में राहत मिलते हुए भी दिखाई नहीं दे रही है। वहीं अधिकतम तापमान भी 28 डिग्री के करीब बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अगले 72 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक का इजाफा देखने को मिल सकता है।

### माय एंगल




## शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर टीम ने की कार्रवाई
# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, खसरा भी होगा बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे ब्रेक के बाद आखिरकार प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एक्शन लेने की शुरूआत कर दी है। नगर निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही बगैर अनुमति प्लाटिंग के साथ ही शासकीय जमीन पर तन रही कॉलानी पर कार्रवाई की गई है। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में अतिक्रमण को चिन्हित कर जेसीबी से उसे हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही भविष्य में खसरा बैन करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं नगर पालिक निगम की संयुक्त टीम द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर लखोली क्षेत्र और प्रेस क्लब के पीछे चल रही लगभग 30 एकड़ पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग तथा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते जेसीबी मशीनों एवं अन्य संसाधनों की सहायता से उन्हें हटाया।



### इन खसरों पर कार्रवाई

प्रशासनिक टीम द्वारा की गई कार्रवाई में खसरा नंबर 517/1 रकबा के 0.693 हेक्टेयर, संतोषी नगर लखोली स्थित खसरा नंबर 675/1 रकबा के 0.102 हेक्टेयर, रायपुर नाका लखोली स्थित खसरा नंबर 71/9 रकबा के 0.179 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/28 रकबा 0.202 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/8 रकबा 0.179 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/27 रकबा 0.202 हेक्टेयर से अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण को हटया गया।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

जिला कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों और भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### निगम की टीम बनी मूकदर्शक

शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है, लेकिन नगर निगम के अफसर केवल मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार आपसी मिलीभगत का ही असर है कि शहर में पिछले कुछ सालों के दौरान चार दर्जन से अधिक अवैध प्लाटिंग की शिकायत सामने आने के बाद भी गिनती के प्रकरण में ही केवल नाम के लिए कार्रवाई की गई है।

# खेत में रखे पैरा में आग झुलसने से वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



मानपुर नाका में शनिवार को अजीब मामला सामने आया है। गांव से दूर खेत में एक व्यक्ति का शव पैरा में जला मिला। मामले की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह मानपुर से नर्मदा मुख्य मार्ग के एक खेत में कुछ ग्रामीणों ने पैरा के ढ़ेर को जलते देखा। जिसके समीप जाने पर एक व्यक्ति का शव उसमें जलते देखा। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग को बुझाया तथा घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर अपनी तफ्तीश शुरू किया। मौके पर मिले कुछ वस्तुओं के आधार पर मृत व्यक्ति की पहचान दूर्जनराम पिता घसिया वर्मा के रूप में किया गया। शव का सत्तर फीसदी से अधिक भाग जल चुका था, जिसे गंड़ई चिकित्सालय लाया गया तथा रविवार सुबह शव को फारेंसिक जांच एवं पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव ले जाया गया। बताया जाता है कि वृद्ध अपने उसी खेत में ज्यादातर रहता था, जो गांव से काफी दूर है। जिसके कारण घटना की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। गंड़ई पुलिस मामले की जांच कर रही है। पैरा के ढ़ेर में आग कैसे लगी, वृद्ध आग में कैसे जल गया सहित अन्य कई विषयों पर पुलिस साक्ष्य जुटा रही है।

### छड़ी और डंडे से हुआ पहचान

पैरा में जल चुके शव की पहचान दुर्जन वर्मा पिता स्व. घसिया 95 वर्ष के रूप में किया गया है। बताया गया कि जहां पर शव था, उसी के समीप चप्पल और डंडा पड़ा हुआ था। जिससे उस शव की पहचान दुर्जन के रूप में किया गया। ग्रामीणों के बताए अनुसार बीते कुछ साल से वृद्ध की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रहा था। घटनास्थल पर घटना कैसे हुआ, यह किसी को पता नहीं है।

# 48 नए ब्लैक स्पॉट सड़क दुर्घटनाओं को रोकने बनेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटना के कारण आए दिन आम नागरिक असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से जिले के ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां दुर्घटनाओं की संभावना अत्याधिक रहती है। दुर्घटना रोकथाम की दृष्टि से थानावार अत्याधिक दुर्घटनाजन्य स्थलों का चयन किया गया है।

पुलिस के अनुसार हाईवे में दुर्घटनाजन्य स्थानों में सोमनी थाना क्षेत्र के टेडेसरा चौक, खुटेरी चौक, देवादा चौक, ब्लीस होटल के बगल पुल के पास, कोतवाली थाना क्षेत्र में पार्रीनाला, रामदरबार चौक, भाजपा कार्यालय चौक, पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र में चिखली फ्लाई ओवर, गठुला नाला, बसंतपुर थाना क्षेत्र में आरके नगर चौक, अम्बेडकर चौक, मोहारा बायपास से सिंगदई चौक तक। इसी तरह डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र इलाके में ग्राम मुड़पार पुलिया, केदारबाड़ी नाकापारा मोड़ डोंगरगढ़, गैस एजेंसी के सामने खैरागढ़ रोड, डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत माथलडबरी के आगे ढाबा के पास छुरिया रोड, लालबाग थाना क्षेत्र में बरगा मोड़, पेंड्री जीई रोड आवासीय क्षेत्र, रीवागहन, भानपुरी जीई रोड आवासीय क्षेत्र, फरहद चौक, तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में गुरूद्वारा चौक तुमड़ीबोड़, कोपेडीह चौक, मलईडबरी चौक, तुमड़ीबोड़ डोंगरगढ़ तिराहा, नाथूनवागांव चौक, सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम लिटिया आरा मिल के पास, ग्राम धनगांव मोड़ के पास, ग्राम बम्हनी मोड़ के पास, ग्राम सुकुलदैहान राम मंदिर तिराहा, ग्राम रेंगाकठेरा-बुंदेलीकला के बीच जर्जर पुल, चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में पाटेकोहरा आरटीओ बेरियर नागपुर पाईंट के पास, ग्राम नारायणपुर झूरानदी पुल के पास ग्राम रंगीटोला लालबहादुर नगर मोड़ के पास, बागनदी थाना क्षेत्र में सड़क चिरचारी, चाबुकनाला, बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरतलाव थाना के सामने फ्लाई ओवर, चेंदरी माता मंदिर मोड़ डोंगरगढ़ रोड, घुमका थाना इलाके में ग्राम मुरमुंदा मोड़ से ग्राम बिजेतला मोड़ बड़े पुल (तिलई-बेमेतरा मेन रोड), मोंहदी चौक तिराहा मां बंजारी मंदिर मोड़ ग्राम बरगाही (तिलई-बेमेतरा मेन रोड), गोपालपुर चौक, मुड़पार चौक।

### हेलमेट लगाकर वाहन चलाए

राजनांदगांव पुलिस ने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर वाहन अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं धीमी गति से चलाएं। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं।

# शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को शक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में आज शहर के कमला कॉलेज चौक के समीप सामाजिक भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते यहां से कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिला-पुरूष शामिल हुए।

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ शाखा द्वारा भाईचारा, सामाजिक एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासियों के उत्थान के उद्देश्य से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कमला कॉलेज के समीप से निकली शोभायात्रा अंबेडकर चौक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समाज के लोगों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी।

### सामाजिक एकजुट का दिन

शक्ति दिवस के आयोजन को लेकर कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष ऋषि कुमार भुआर्य और अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के सचिव मुकेश ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1998 में मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में समाज के पांचो महासभा। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, नागपुर और बस्तर शामिल है, इन्होंने सामाजिक एकजुट के लिए पांचो महासभा के एक रहने की शपथ ली थी, तब से इस दिन को शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के पार्षदगण, सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक, एसके चौरसिया, आरआर खरे, सुनील भुआर्य, डॉ. पवन ठाकुर, यूएस ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष एचआर ठाकुर ने की। सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद के आयोजन भी किए गए।



## खबर संक्षेप

### चकनार में मंड़ई आज

**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार में कल सोमवार को मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। इस मौके पर अतिथियों द्वारा जैतखाम की पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया जाएगा। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए कृपाल दास का सांस्कृतिक कार्यक्रम संगी के मया रखा गया है। आयोजकों ने ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

### तीर्थयात्रा पर रवाना हुए भक्तजन

**डोंगरगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 60 दर्शनार्थी का दल गत दिनों ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ। दर्शनार्थियों को भाजपा सदस्यों ने हरि



झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नपा सभापति अमित जैन, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, विनय बंसल, सविता दरगड़, सुमित मिश्रा, लक्ष्मी यादव, अनिता इंदुलकर, महेश सहारे, अजय शर्मा, आवेश निगम, शुभम परिहार उपस्थित थे।

### भूपेश बघेल के बयान की निंदा



**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा का एजेंट नहीं है। वह सनातन धर्म को एक जुट कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया संतों के बताए मार्गों पर चल रहे है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल केवल राहुल गांधी को खुश करने के लिए उल जलूल बयान दे रहे जिसे छत्तीसगढ़िया स्वीकार नहीं करेंगे।

### हार्ट रोग विशेषज्ञ चार को आएंगे

**डोंगरगढ़।** होप हार्ट हॉस्पिटल गोंदिया के प्रसिद्ध डॉ प्रमेश अनिरुद्ध गायधने का पहली बार आगामी 4 जनवरी को आगमन हो रहा है। इस तिथि को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक हेल्थ केयर पॉली क्लिनिक बस स्टैंड के सामने परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कोलेस्ट्राल, शुगर, बीपी,सहित अन्य बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर में हार्ट, बायपास, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी वाले मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कांग्रेसजनों ने मनाया स्थापना दिवस

**कुमर्दा।** प्रदेश इंका के आव्हान पर स्थानीय रेस्ट हाऊस में कांग्रेस का



स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कांग्रेस नेताओं के आजादी के आंदोलन और देश के विकास में योगदान को याद किया। सभी ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी बलीराम साहू, गिरधारी साहू, कांति भंडारी, देव पन्द्रो, प्रताप धावड़े, कोमल साहू, पूरन साहू, मुकेश साहू, लेखूराम, संजय संचेती, शरद चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

## खनिज विभाग की नींद टूटी: सवालों में कार्यप्रणाली

# गिट्टी, रेत से लदे तीन हाईवा को खनिज विभाग ने पकड़ा

## खबर प्रकाशन के बाद विभाग एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

क्षेत्र में बेखौफ चल रहे खनिज के अवैध कारोबार को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूट गई है। खनिज विभाग की टीम ने पिछले दो दिनों में सक्रियता दिखाते हुए गिट्टी, रेत और मिट्टी के परिवहन में लिप्त तीन हाइवा वाहनों को जप्त कर गंडई थाने के सुपुर्द किया है। हालांकि कार्रवाई से कुछ समय पहले कई वाहन टीम के सामने से गुजर जाने से विभाग की मंशा पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विभाग ने 26 दिसम्बर को गिट्टी से भरे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 1409 को जप्त किया। इसी प्रकार 27 दिसम्बर की सुबह मिट्टी से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 04 एचपी 5746 एवं रेत से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीएम 7224 को पकड़कर गंडई थाने के सपुर्द रखा गया है। बताया जाता है कि शुरुआत में दो ट्रैक्टरों पर भी कार्रवाई की गई थी, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।ट्रेक्टरों को क्यों छोड़ा गया इसकी जानकारी नही है। वर्तमान में तीनों हाइवा थाने में खड़े हैं।



### कार्रवाई के बीच सांठगांठ की चर्चा

शनिवार सुबह जब खनिज विभाग की टीम ने रेत से भरे हाइवा का पीछा कर उसे गंडई कॉलेज के पास पकड़ा और जप्त कर थाने लाया जा रहा था, ठीक इसी समय रेत से भरा एक हाइवा थाने के सामने से गुजरा, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों की यह चिन्हांकित कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### अधिकारी मौन, फोन व्यस्त

गंडई क्षेत्र में सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक रेत और गिट्टी का अवैध खेल चलता है। ओवरलोड गाड़ियों के कारण क्षेत्र की सड़कें छलनी हो रही हैं। जब इस संबंध में खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की जाती है, तो उनका नंबर हमेशा व्यस्त मिलता है। अधिकारियों की बेरुखी अवैध परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद कर रही है। जानकारों का कहना है कि बिना रॉयल्टी और बिना वैध कागजातों के चल रहे ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है। लोक निर्माण विभाग जहां बजट की कमी के कारण सड़कों की मरम्मत नहीं कर पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ खनिज माफिया और विभागीय मिलीभगत से शासन के खजाने को चूना लगाया जा रहा है।

## अटल जी ने सेवा और सुशासन पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

मंडल भाजपा ने राज्य निर्माता अटल बिहारी बाजपेई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम के समीप स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

■ प्रतिमा पर माल्यार्पित कर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, सुरेंदरसिंह भाटिया, कांता प्रसाद साहू, शेखर भरतद्वाज, अशोक मरकाम, अमीर खान मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन सुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को स्मरण करने का अवसर है।

अटल जी ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति में रहते हुए मानवीय मूल्यों और नैतिकता को सर्वोपरि रखा। कांता प्रसाद साहू ने कहा कि अटल जी केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि भी थे। इस अवसर पर धन्ना यादव, नकुल नेताम, नैनसिंह पटेल, आनंद वेलेकर, सोहन साहू, टीकम साहू, टीकम पांडे, भानबाई मंडावी, राजकुमार सिन्हा, कुंदन बडोले, पद्मभूषण साहू, मायाराम साहू, श्यामसुंदर साहू, शानू यादव, खिलेंद्र साहू, मनोज साहू, प्रह्लाद मंडावी, भुखन धनकर, अशोक सेन, कनसराम पटेल, देवानंद सहारे, लेखराम निर्मलकर, यशवंत पवार, उभय तारम सहित अन्य मौजूद थे।

## जमीन के सर्वे में गड़बड़ी का आरोप

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग में पूर्व में एसडीओ केके सिंग ने पुनः कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने 3 माह पहले पदस्थ एचके सोनकाले के स्थान पर कार्यभार ग्रहण किया है। बताया जाता है कि एसडीओ श्री सोनकाले स्वास्थ्यगत कारण से छुटटी पर चले गए हैं।

जानकारी के अनुसार शहर की मुख्य सडक के साथ ग्रामीण सडकों की मरम्मत में गड़बड़ी का आरोप लगा था। जानकारी के अनुसार करोडो की लागत से बनने वाली परिक्रमा पथ के सर्वे में प्रभावशाली लोगों की जमीनों को बचाकर फायदा पहुंचाने की बात समाने आई थी। कह जा रहा है कि राजनीतिक दबाव के बाद तबियत का बहाना कर हटे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने परिक्रमा पथ के लिए प्रभावशाली लोगों की जमीन का सर्वे किया है ताकि जमीन की कीमत बढ़ जाए।

## हरिभूमि के कैलेंडर का विमोचन

**डोंगरगढ़।** स्थानीय हरिभूमि कार्यालय में 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, वीरेंद्र सोनी तथा हरिभूमि संवाददाता प्रकाश अग्रवाल उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरिभूमि के कैलेंडर का विमोचन किया। अतिथियों ने पाठकों को निःशुल्क कैलेंडर देने की सराहना की तथा इसे जनोपयोगी पहल बताया।



# सनातन धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

हिन्दू जन जागरण तथा सनातन धर्म के संरक्षण के लिए नर्मदा मंदिर परिसर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। नर्मदा मैया एवं भारत माता की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में प्रांत सह समाजिक समरसता प्रमुख प्रकाश यादव, राजेश ताम्रकार, प्रभुराम वर्मा, चन्द्रमणी चौबे, कमला सिन्हा, रविना नागवंशी शामिल हुए। कार्यक्रम में छगन साहू, पंचुराम यादव, परशु निषाद, मोहन रजक, किशुन मिर्चे, दूधेराम पाल, राधेश्याम, कैलाश गोस्वामी, भूषण, कोमल दुबे, साहेब लाल, गैंदलाल, दुर्जन जंघेल, अरविंद, दुखुराम पटेल, नोहर, नर्मदा प्रसाद, मोतीदास, तिहारू, दौलत, रामजी, खेमलाल, गोपी ठाकुर आदि का सम्मान किया गया। विभिन्न मंडलियों ने भजन, संकीर्तन एवं लोकगीत प्रस्तुत किया। दाऊ गुलाब दास वैष्णव स्कूल के छात्रों ने भारतीय संस्कृति एवं धर्म पर आधारित गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।




### सनातन धर्म के संरक्षण का आव्हान

मुख्य वक्ता प्रकाश यादव ने अखंड भारत निर्माण के लिए विभिन्न समाज को एकता के सूत्र में बंधने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू एवं सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए सभी मोतियों को एक धागे में पिरोना आवश्यक है। अन्य वक्ताओं ने भी सर्व समाज को एक होकर सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करने कहा।

### जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, निजाम मंडावी, आनंद पटेल, बालकिशन जंघेल, प्रकाश जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, भीखु हिरवानी, ज्योति जंघेल, उमा चौबे, इन्द्राणी वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, गायत्री, रोहित जंघेल, राधेमोहन वैष्णव, राधेश्याम, नेतराम जंघेल, लालचंद पटेल, अंजु जंघेल, टुम्मन साहू, प्रकाश वर्मा, रामाधार, अनुज साहू, बलदाऊ सोनी, ऋषभ सिन्हा, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, डीला राम, यशवंत पटेल, रोशन जंघेल, गुलशन, मिथलेश पटेल, अशोक कावरे, ओम प्रकाश वर्मा, रामा साहू, रमेश वर्मा, कमलेश मिश्रा, विनोद कुमार, कौशल पांडे, डोगेन्द्र जंघेल, दिनेश जंघेल, तुकाराम अन्य मौजूद थे।

## घुमरिया बैराज में मासिक साहित्य गोष्ठी

■ पुरवाही साहित्य समिति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिचोला

पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन घुमरिया बैराज जोशीलमती में अध्यक्ष ग्वालाप्रसाद यादव के संयोजन में किया।

प्रथम सत्र में गुरु घासीदास, पं. सुन्दरलाल शर्मा के अवदानों पर चर्चा की गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि कुबेर साहू थे। अध्यक्षता महेंद्र बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि घासीदास साहू, डॉ. इकबाल खान, वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश्वर मिश्रा, जितेंद्र पटेल थे। आधार वक्तव्य का वाचन ओमप्रकाश साहू ने किया।



### प्राकृतिक छटा के बीच काव्यपाठ

दूसरे सत्र में उदयराम साहू की अध्यक्षता में काव्य पाठ किया गया। इस मौके पर कुबेर साहू, महेंद्र बघेल, डॉ. इकबाल खान, वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश्वर मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, प्रह्लाद मिश्रा, जितेंद्र पटेल, डॉ. अमित गुप्ता, रामकुमार चन्द्रवंशी, कोमल सिंह, पुसउराम उइके, रमेश मंडावी, राजकुमार मंडावी, जसवंत मंडावी, ईशान घाटा, मेहुल घाटा, आकाश प्रजापति उपस्थित थे। संचालन ग्वालाप्रसाद यादव एवं हेमलाल सहारे ने किया।

## सार समाचार

### कल्लूबंजारी मंडई 9 जनवरी को

**कल्लूबंजारी।** ग्राम में आगामी 9 जनवरी को मंडई का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में गोपाल-बलराम नाच पार्टी ग्राम निपानी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम में 10 एवं 11जनवरी को रामायण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में सुप्रसिद्ध मंडलियां भाग लेगी। यह जानकारी राजकुमार पटेल ने दी।


### धान का सुस्त परिवहन



**चिचोला।** लालूटोला सोसायटी में 15 नवम्बर से धान खरीदी की जा रही है। अब तक 40 हजार क्विटंल धान की खरीदी हो चुकी है। किसानों से लिकिंग में 2 करोड़ 78 लाख 39 हजार वसूल किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार अब तक 1785 क्विंटल धान का उठाव मिलर्स ने किया है। समिति प्रबंधक टिकेन्द्र साहू ने बताया कि समिति में धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### इरईकला मंड़ई आज

**पटेवा।** ग्राम इरईकला में कल 29 दिसम्बर को मंड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए कविता वासनिक का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम अनुराग धारा का कार्यक्रम होगा। सरपंच ललित कुमार साहू ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### सड़क पर हुए गहरे गड्ढे

**चिचोला।** नेशनल हाइवे से महाराजपुर, बरेठटोला मार्ग पर जगह जगह गडढे हो गए है। इस मार्ग पर भारी वाहन आवागमन करते है जिससे जमकर धूल उड़ने से ग्रामीण परेशान रहते है। सड़क के जर्जर होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती है। इस रोड पर झिथराटोला, मगरधोकरा, बरेठटोला स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में बजरी गिट्टी डालकर दिखावा किया गया था। सरपंच क्षमा तिवारी ने बताया कि रोड़ डामरीकरण के लिए कई बार जनप्रतिनिधि को अवगत करा चुके है। लोक निर्माण विभाग को भी आवेदन दिया जा चुका है किन्तु अब तक पहल नहीं हुई है।

### शिक्षा ऋण प्रकरणों में प्रगति के निर्देश

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता और बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की अगुवाई में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को शिक्षा ऋण प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्राथमिकता के साथ शिक्षा ऋण प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को कार्य योजना बनाकर पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने तथा प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### धान खरीदी का आज जायजा लेंगे विधायक

**डोंगरगांव।** विधायक दलेश्वर साहू कल 29 दिसंबर को विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए किसानों से मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार विधायक साहू कल दोपहर 12 बजे तुमडीबोड़ में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसी क्रम में कोहका, दीवानभेड़ी, अर्जुनी, किरगी पहुंचकर धान खरीदी का जायजा लेंगे। उल्लेखनीय है कि अंचल की सोसायटियों में 15 नवंबर से धान खरीदी किया जा रहा है। किसानों के धान खरीदी की आड़ में समिति प्रबंधकों और जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ से कोचियों का धान बड़े पैमाने पर खपाया जा रहा है जिसका खुलासा प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई से हो चुका है। जानकारी के अनुसार विभिन्न सोसायटियों में अब तक चार दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज किए जा चुके है जिसमें एक करोड़ से अधिक का धान जप्त किया जा चुका है।

### गर्भवती महिलाओं को करें चिन्हांकित: कलेक्टर

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने गत दिनों स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण, गर्भवती माताओं का पंजीयन, एमसी एवं संस्थागत प्रसव सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभाग को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के लिए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर शून्य करने के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन एवं हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित करते हुए प्रसव के 15 दिवस पूर्व उन्हे सतत संपर्क करते हुए देखभाल पूर्ण टीकाकरण करना होगा।

### पीएम के उदबोधन का किया श्रवण

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129वां एपिसोड का श्रवण किया। एपिसोड के प्रसारण के दौरान विभिन्न बूथों में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को देखा और सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2025 की उपलब्धियों की चर्चा करने के साथ 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। उन्होंने तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार जैसे क्षेत्रों में स्थापित नए कीर्तिमानों का उल्लेख किया। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। श्री गांधी जी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन गया है। कार्यक्रम में श्री गांधी के अलावा टामेश्वर साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, मनीष साहू, ललिता साहू, रत्नेश देवांगन, गोपाल वैष्णव, हंसराज झा, डामन जोशी, प्रभुदत्त सोनकर, नागेश धनकर, अश्वनी शेरपा, देवलाल साहू, हिम्मन साहू, दीनदयाल साहू, बिसेसर निषाद, मुकेश निषाद, अशोक देवांगन, मानसिंग धनकर, भविष निक्की, जय जैन, दुर्गेश सिन्हा मौजूद थे।





### कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात

**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के तहत लोगों से रूबरू हुए। नर्मदा मंडल में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के बातों को सुना। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, रमेश जंघेल, लाला, अश्वनी आदि मौजूद थे।

### मक्का की खेती पर जोर



**चिचोला।** पिनकापार के किसान जल संकट को देखते हुए धान की जगह मक्का, चना, गेंहू के उत्पादन पर जोर दे रहे है। किसान वेद यादव ने बताया कि जल संकट दिनों दिन बढ़ रहा है। वाटर लेबल को देखते हुए कम पानी वाले फसल उत्पादन कर रहे है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कुछ फसल को समर्थन मूल्य पर लेने का निर्णय लिया है ताकि किसान को समुचित लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### मानस गायन स्पर्धा 3 से

**डोंगरगांव।** आतरगांव में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को किया गया। यह आयोजन जय मां लक्ष्मी मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। समिति अध्यक्ष हेम कुमार कोल्हे, सचिव नेहरू लाल साहू लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### धर्मनगरी में मनाया तुलसी पूजन दिवस



**डोंगरगढ़।** तुलसी पूजन पर्व महावीर मंदिर प्रांगण में सर्व हिंदू समाज ने श्रद्धा के साथ मनाया। इस पर्व को मनाने की शुरूवात संत आशाराम बापू ने 2014 में किया था। योग वेदांत समिति, सनातन जागृति सेवा संस्थान, हनुमान भक्त समिति, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति आदि संगठनों के प्रमुखों की उपस्थिति में तुलसी माता की पूजन, वंदन, परिक्रमा, आरती किया गया। अंत में प्रसादी वितरण किया गया। तुलसी की महिमा बताकर उसके संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

### क्रिसमस की दी बधाई



**डोंगरगढ़।** क्रिसमस दिवस के मौके पर पूर्व नपा अध्यक्ष धीरज मेश्राम ने चर्च पहुंचकर ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई दी। श्री मेश्राम ने कहा कि प्रभु इसा मसीह ने दया, करुणा, स्नेह, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान विजयराज सिंह चौहान, मतीन खान, विनायक राव, हरीश भंडारी आदि उपस्थित थे।

### सनातन धर्म विरोधी बयान की निंदा



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर की गई टिप्पणी की निंदा की है। उन्होंने कहा कि धर्म गुरुओं पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस मौन है तो साफ है कि बघेल के हिन्दू विरोधी बयान पर कांग्रेस उनके साथ है। उन्होंने कहा कि बघेल के बयान से सनातन धर्म आहत हुआ है। इसके पहले उनके पिता भी हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं। उन्होंने टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है।

### महापौर ने स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से की मुलाकात

# लखोली स्कूल मैदान की समस्या का शीघ्र होगा निराकरण : मधु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड विजिट एवं वार्डवासियों से मुलाकात की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शनिवार सुबह लखोली क्षेत्र का भ्रमण कर लखोली स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने महापौर से मैदान की समस्या पर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर ने विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह को अवगत कराकर मैदान की समस्या का अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

महापौर यादव लखोली स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनसे खेल संबंधी चर्चा की। लखोली के अलावा आसपास क्षेत्र के बच्चों को मैदान में खेलते देख उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि बच्चे रोज खेलने आते हैं, क्योंकि आज-कल मोबाइल के कारण खेल के प्रति बच्चों का रूझान कम हो गया है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए स्वस्थ रहने खेल भी जरूरी है।



#### समतलीकरण आवश्यक

खिलाड़ियों ने महापौर से खेल में आ रही परेशानी से निजात दिलाने मैदान की समस्याओं से अवगत कराया। खिलाड़ियों ने कहा कि मैदान का समतलीकरण करना है तथा रात में खेलने के लिए हॉईमास्क लाईट की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैदान में एक बंद भवन है, उसका मरम्मत कराकर वहां जीम सामग्री लगाया जाए तथा बस्ती तरफ की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाई जाए। जिससे बस्ती के कचरा फेंकने से बचा जा सके।

#### विस अध्यक्ष को भेजेंगे प्रस्ताव

महापौर यादव ने कहा कि मैदान की समस्या से इस क्षेत्र के पार्षद डीलेश्वर प्रसाद साहू, गिरजा संतोष निर्मलकर, संतोष साहू, रीना सिन्हा, चंद्रशेखर लश्करे ने भी ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा कि आपकी मांगों को पूरा करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से हाईमास्क व जीम सामग्री तथा अन्य कार्य कराने प्रस्ताव तैयार कर आप लोगों की ओर से निवेदन किया जाएगा और शीघ्र ही सभी समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर आशीष सोरी, विनोद साहू, प्रकाश यादव, कादिर खान, उमेश साहू, गौरव सोरी व मोनू साहू आदि उपस्थित थे।

## गौशाला का अनुसंधान दूरदर्शी पहल : टोपलाल

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख ने धरमुपरा के मनोहर गौशाला पहुँचकर वहॉ जारी अनुसंधान को दूरदर्शी पहल बताया। प्रांत प्रमुख टोपलाल वर्मा, एनिमल वेलफेयर बोर्ड छग से डिप्टी डायरेक्टर डॉ आरके सोनवाने और डॉ उदय शंकर तिवारी के साथ मनोहर गौशाला भ्रमण दौरान उन्होंने गौशाला में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और यहां किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

सभी ने गौशाला में निर्मित फसल अमृत, आसपास के वन क्षेत्र और प्राकृतिक व जैविक गतिविधियों का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन चंद्रमणि गौ चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर का अवलोकन कर उसे गौसेवा, पशु चिकित्सा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व दूरदर्शी पहल बताया। कामधेनु माता की आरती भी उन्होने की। इस दौरान इंदिरा गांधी कृषि विवि के पूर्व डायरेक्टर बिसेसर साहू सहित किसान, पशु चिकित्सक व गौसेवा से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि अतिथियों ने मनोहर गौशाला को देश की एक आदर्श मॉडल बताते हुए यहां हो रहे कार्यों की खुले मन से सराहना की। गौशाला प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं सहभागी किसान बंधुओं का आभार व्यक्त कर गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जैविक कृषि को आगे बढ़ाने के संकल्प को दुहराया।

### खेमन और तेजेश्वर होंगे युवा महोत्सव में शामिल

**खैरागढ़।** शहर सवा सौ साल पुराने ऐतिहासिक विक्टोरिया स्कूल मे अध्ययनरत बच्चो के विज्ञान मॉडल का चयन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है। वर्तमान मे पीएम श्री डॉ पपु बक्शी शास उत्कृष्ट अग्रेंजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय के रूप मे संचालित शाला के अटल टिकरिंग लैब प्रभारी और मॉडल मार्गदर्शक व्याख्याता भौतिक शास्त्र संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बारहवी कक्षा मे अध्ययनरत छात्र खोमन साहू और तेजेश्वर द्वारा निर्मित मॉडल एन्टी पालुशन साइलेंसर का जिला स्तर में प्रदर्शन उपरांत होकर राज्य स्तरीय के लिए चयन हुआ है। उक्त मॉडल ऑटोमोबाइल द्वारा होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए बनाया गया है। मॉडल का चयन होने पर प्राचार्य अनुराग सिंह सहित व्याख्याता किरण सिंह, आशीष मिश्रा, शायरा कुरैशी, विष्णुदास जोशी, डीडी टंडन, पुकेश्वर लाल, सीमा यादव, ने शुभकामना दी है।

## शतरंज प्रशिक्षण शिविर का समापन, बच्चों ने सीखी शह मात की बारीकियां

**खैरागढ़।** जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शीतकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। पटेल भवन मे आयोजित शिविर मे बच्चों व युवाओं में शतरंज खेल के प्रति रुचि विकसित करने, तार्किक क्षमता को सशक्त बनाने और प्रतियोगी स्तर के लिए तैयार करने के उद्देश्य को लेकर प्रशिक्षक सद्दाम हुसैन ने प्रतिभागियों को शतरंज खेल की मूलभूत व उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण दिया। इसमें ओपनिंग की समझ, मिडिल गेम की रणनीतिया और गेम की बारीकियाँ, समय प्रबंधन सहित मानसिक तैयारी पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर मे आदितेय खरे, जय चंदवानी, साकेत प्रजापति, शौर्य झा, योजेश साहू, शालू वर्मा, रानू वर्मा, पंकज वर्मा, जय जैन, आरव यदु, वर्णिका सिंह, शुभम वर्मा, आराध्य वर्मा, लक्ष्य पटेल, संस्कार सिंह, आरव श्रीवास सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 20 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह छोटू, सचिव रॉकी देवांगन और कोषाध्यक्ष शेख जहीद ने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शतरंज खेल बच्चों के बौद्धिक विकास, एकाग्रता व अनुशासन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। संघ ने चेयरमैन व प्रभारी जिला खेल कन्हैया पटेल को सहयोग मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद दिया। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिला शतरंज संघ ने शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रशिक्षक, पदाधिकारी, अभिभावक सहित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया है।

## पत्रकार प्राकृत की स्मृति में हर महीने उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पत्रकार व पूर्व ब्यूरो चीफ स्व प्राकृत शरण सिंह की स्मृति में निर्भीक, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता को सम्मानित करने नई शुरुआत वेलफेयर सोसायटी नए साल से हर महीने जिले के पत्रकारों को मासिक सम्मान देने जा रही है। यह पत्रकारिता के उन मूल्यों को सशक्त करने का प्रयास है, जिनके लिए स्व. प्राकृत शरण सिंह आजीवन प्रतिबद्ध रहे। सम्मान अंतर्गत जिले के एक पत्रकार को प्रत्येक माह उसकी लेखनी की गुणवत्ता, जनहित से जुड़ी खबरें, भ्रष्टाचार के खुलासे, गड़बड़ी और अनियमितताओं को उजागर करने वाली खोजी रिपोर्टिंग होगी।चयन में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, न्यूज़ पोर्टल, यूट्यूब/डिजिटल चैनलों पर प्रकाशित समाचार लेख, विशेष रिपोर्ट और वीडियो खबरों को शामिल किया जाएगा। माध्यम नहीं, कंटेंट की मजबूती और साहस चयन का आधार होगा।

चयन मापदंड को लेकर उन्होने बताया कि खबर की प्रकृति मे जनहित से जुड़ा ठोस मुद्दा, भ्रष्टाचार, अनियमितता या गड़बड़ी का खुलासा, प्रशासनिक या सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने वाली रिपोर्ट, आम नागरिक, किसान, मजदूर, महिला, युवा या वंचित वर्ग की आवाज होनी चाहिए। बयानबाज़ी, औपचारिक कार्यक्रम कवरेज या प्रचारात्मक समाचार प्राथमिकता में नहीं होंगे। चयन में यह देखा जाएगा कि उस खबर को लेकर प्रशासन या संबंधित विभाग ने संज्ञान लिया या नहीं, प्रतिक्रिया या सुधार हुआ या नहीं या उस खबर से जनमत जागरूक हुआ या नहीं इसके अलावा खबर पत्रकार की स्वयं की खोज, मेहनत और फील्ड रिपोर्टिंग पर आधारित होनी चाहिए।

एक ही मुद्दे पर कई खबरों की स्थिति में पहली, गहराई वाली और तथ्यात्मक खबर को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, न्यूज़ पोर्टल और डिजिटल/यूट्यूब सभी माध्यम समान माने जाएंगे। आधार केवल सत्य, साहस और कंटेंट की मजबूती होगी।

#### प्राकृत ने ही शुरू की थी नई शुरूआत

चयन की समय-सीमा को लेकर सोसायटी के भागवत शरण सिंह ने बताया कि हर महीने 1 से 30 तारीख के बीच प्रकाशित/प्रसारित खबरों के आधार पर उसी माह के लिए चयन किया जाएगा। यदि पूर्व माह में चयनित पत्रकार वर्तमान माह में भी विशेष, यूनिक और प्रभावशाली खबर प्रकाशित करता है, तो उसे पुनः सम्मानित किया जा सकेगा। पत्रकार का चयन जिले के वरिष्ठ पत्रकारों चैतेन्द्र तिवारी, खिलेन्द्र नामदेव, अनुराग तुर्रे, जितेन्द्र सिंह गौर, सज्जाक खान, राजू यदु, विनोद नामदेव द्वारा किया जाएगा जो जिले में प्रकाशित एवं प्रसारित खबरों को स्वयं पढकर और देखकर चयन करेंगे, जिससे निष्पक्षता बनी रहे और लॉबिंग या सिफारिश की कोई भूमिका न हो।

## उद्यम क्षेत्र में व्यवसाय प्रारंभ करने की प्रक्रिया को सरल बनाने दिया मार्गदर्शन

### सामुदायिक भवन में 15 से 27 तक हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ जिज्ञासाओ का किया गया समाधान

जिले में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, नए उद्यमियों को मार्गदर्शन प्रदान करने तथा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र में व्यवसाय प्रारंभ करने की प्रक्रिया को सरल बनाने 15 से 27 दिसंबर तक उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन शहर के किल्लापारा स्थित सामुदायिक भवन मे हुआ। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय और राज्य सरकार के उद्यमिता प्रोत्साहन पहल अंतर्गत युवाओं, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह सदस्यों, स्टार्टअप संस्थापकों व नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला मे शामिल प्रतिभागियों को उद्यमिता की अवधारणा व प्रकार, स्थानीय संसाधनों के आधार पर व्यावसायिक विचारों की पहचान और प्रदेश में उपलब्ध विभिन्न एमएसएमई अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज, हथकरघा व हस्तशिल्प, धातु निर्माण और सेवा क्षेत्र के एमएसएमई, साथ ही जिलावार ओडीओपी अवसरों पर प्रकाश डाला गया। विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक उदाहरण साझा कर प्रतिभागियों के जिज्ञासाओ का समाधान किया गया।

#### सामुहिक चर्चा कर लिया फिडबैक

प्रशिक्षण अंतर्गत उद्योग रणनीति पर सामूहिक चर्चा करा प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। 16 प्रतिभागियों का उद्यम पोर्टल पर पंजीयन किया गया। कार्यशाला में यीशु चौधरी, योगेश पवार, सूरज शर्मा, रोहित शर्मा, मास्टर ट्रेनर पारुल पांडेय, तोरन लाल साहू व डिवीजनल समंवयक लोकेश सिन्हा की उपस्थिति रही। समापन अवसर पर चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला मे जिला उद्योग व व्यापार केंद्र, के जनरल मैनेजर प्रणय बघेल, असिस्टेंट मैनेजर अर्जुन साहू साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का सहयोग मार्गदर्शन मिला।

## गांव की ओर अभियान, सलोनी में सुशासन शिविर, 54 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रशासन गांव की ओर अभियान तहत ब्लाक के ग्रापं सलोनी मे सुशासन शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्त करने में सुविधा हुई।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले में आयोजित शिविरों में नागरिकों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी मामलों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। जनपद पंचायत द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिस पर कॉल करके आसानी से समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, राशन कार्ड और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों के लिए भी अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं। कलेक्टर ने कहा कि तत्काल समाधान योग्य समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा और मांग आधारित मामलों को आगे बढ़ाया जाएगा।



#### पीएम आवास के 5 हितग्राहियों को सौंपी गई चाबी

जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह का आयोजन प्रशासन गांव की ओर थीम पर की जा रही है। शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, आवश्यक प्रमाण पत्रों की सुविधा व जन शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर मे कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का भ्रमण कर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में 91 से अधिक आवेदन मिला, जिनमें से 54 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 15 को मसूर व सरसों कीट का वितरण वहीं पंचायत विभाग द्वारा पीएम आवास के 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

### स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान को किया स्मरण

## कांग्रेस स्थापना दिवस, विधायक यशोदा रही अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर राजपूत क्षत्रिय भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ झंडारोहण और राष्ट्रगान साथ हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों को श्रद्धांजलि और स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान को स्मरण किया गया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज से 141 साल पूर्व देश की आजादी की लड़ाई को संगठित रूप देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की गई थी। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक परिवार है, जिसने हर वर्ग को साथ लेकर स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। आज देश में भाईचारा तोडने की कोशिश हो रही है, जिसका डटकर विरोध करना होगा।

महात्मा गांधी के सिद्धांतों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज हम जिस आजादी का गर्व करते हैं उसके असली हकदार कांग्रेस और उसके नेता हैं, जिन्होंने संगठन व आंदोलनों के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाई। वर्तमान समय में तानाशाही प्रवृत्तियों के दबाव में जनता को जीना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहना होगा।



#### विधायक की अनुपस्थिति रही चर्चा में

स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा झंडारोहण सहित आवश्यक बैठक का निर्देश जिला अध्यक्षों सहित विधायकों को दिया गया था लेकिन विधायक यशोदा वर्मा की अनुपस्थिति कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बनी रही और तरह-तरह की प्रतिक्रिया और चर्चा देखने को मिली। मामले को लेकर उनसे दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

#### मनरेगा से नाम हटाकर किया बापू का अपमान

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम नागरिकों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना होगा। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों से महात्मा गांधी के नाम को हटाने का प्रयास उनका अपमान है। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि आज देश में वे लोग सत्ता में हैं जिन्होंने कभी महात्मा गांधी के विचारों का विरोध किया। कांग्रेस सरकारों ने सदैव देश के विकास के लिए काम किया है। राजीव गांधी ने डिजिटल भारत की नींव रखकर देश को विश्व पटल पर आगे बढ़ाया। आज सरकार योजनाओं और नामों को मिटाने में लगी है जबकि हमें जमीन से जुड़ी लड़ाई लडनी होगी। मनरेगा को लेकर तानाशाही तरीके से निर्णय थोपा जा रहा हैं। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, जिंप सदस्य शताक्षी सिंह, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल, भिगेश यादव, मिहिर झा, सुनीलकांत पांडेय, नीलेंद्र शर्मा, अब्दुल रज्जाक खान, किशन रजक, राजेश लूनिया, सज्जाक खान, जितेंद्र सिंह गौर, राजा सोलंकी, नदीम मेमन, कमलेश यादव, संदीप सिरमौर, समीर खान, पलाश सिंह, नित्यशरण सिंह, दयालू वर्मा, गुलाब चोपड़ा, पुरुषोत्तम वर्मा, रिंकू महोबिया, रवींद्र सिंह गहरवार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मिहिर झा व आभार प्रदर्शन गजेन्द्र ठाकरे ने किया।

## निर्माण की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ बफरा, जालबांधा स्कूल पहुंचे कलेक्टर

ब्लाक के बफरा और जालबांधा में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में संचालित अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। बफरा के पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्मित तीन अतिरिक्त कक्ष 24.30 लाख रुपए के कार्य को गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेहतर अधोसंरचना से विद्यार्थियों को अनुकूल व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होता है।



#### बढ़ाएं कार्य की गति

प्राथमिक शाला में निर्माणाधीन दो अतिरिक्त कक्षों 16.20 लाख रुपए के कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने कहा। जालबांधा में पीएम श्री योजना अंतर्गत स्वीकृत 4 प्रयोगशाला कक्ष प्रति कक्ष 07.63 लाख रुपए का निरीक्षण दौरान कॉलम निर्माण कार्य प्रगतिरत देखने पर उन्होने कार्य की गति बढ़ाने कहा ताकि कक्ष निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। पुस्तकालय कक्ष 9 लाख रुपए का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ करने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता, तकनीकी सहायक, जनप्रतिनिधि, सरपंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### हरिद्वार के लिए रवाना हुए 800 तीर्थयात्री

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 800 तीर्थयात्रियों को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से रवाना किया गया।



जिसमें राजनांदगांव जिले से 313, कबीरधाम जिले से 244, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से 113, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले से 110 कुल 780 तीर्थयात्री एवं उनके 20 अनुरक्षक शामिल हुए। सभी तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, भारत माता मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। यात्रियों की वापसी 31 दिसम्बर 2025 को होगी। समाज कल्याण विभाग द्वारा सर्दी के मौसम को दृष्टिगत यात्रियों के लिए गर्म कम्बल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। इस दौरान आंचलिक नृत्य (राउत नाचा) की प्रस्तुति दी गई। यात्रियों को पुष्पहार पहनाकर एवं तिलक लगाकर तीर्थयात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चन्द्रकार, सदस्य जिला पंचायत शिला सिन्हा, सदस्य जिला पंचायत देवकुमारी साहू, समाजसेवी पप्पू चन्द्रकार, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों जिला प्रशासन, रेलवे प्रबंधन के अधिकारियों ने ट्रेन को हारी झण्डी दिखकर रवाना किया।

### पैदल मार्च और संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** चार साहिबजादों की महान शहादत को स्मरण करते वीर बाल दिवस पर 26 दिसंबर को एक प्रेरणादायी कार्यक्रम गुरूद्वारा चौक में



"सफर-ए-शहादत" का आयोजन किया गया। पैदल मार्च एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर दोपहर 03 बजे एक पैदल मार्च का आयोजन हुआ। पैदल मार्च के पश्चात गुरुद्वारा गुरू सिंघ सभा राजनांदगांव में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा का भी उद्बोधन हुआ। चार साहिबजादो की शहादत से समाज एवं विशेषकर युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर सके, ऐसा आह्वान किया गया। यह आयोजन गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### संदिग्धों पर नजर रखेगा विशेष गश्त दस्ता

**राजनांदगांव।** ठंड के दिनों में रात के समय होने वाले संपत्ति संबंधित अपराध की रोकथाम के लिए एक विशेष गश्त दस्ता ब्लेक पैथर स्काट गठित किया है, जो बाइक से पेट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा ठंड के दिनों में रात्रिकाल में घटित होने वाले संपत्ति संबंधित अपराध के नियंत्रण हेतु एक नवीन पहल की गई है। इस प्रयास के तहत संपत्ति संबंधित अपराधों पर अंकुश हेतु विशेष गश्त दस्ता ब्लेक पैथर स्काट का निर्माण किया गया है। पुलिस के अनुसार नियमित गश्त के अतिरिक्त यह एक विशेष गश्त दस्ता होगा जो कि बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से शहर क्षेत्रों में नियंत्रण एवं संदिग्ध चेकिंग करेगा। यह दस्ता शहरी क्षेत्रों व रेलवे स्टेशन में रात्रि 01 से साढे 4 बजे तक प्रतिदिन सक्रिय रहेगा। ज्ञात हो कि नियमित गश्त जो कि थाने एवं जिले से निकली जाती है। यह दस्ता उसके अतिरिक्त बनाया गया है, जो एक स्पेशल फोकस्ड स्क्वाड के तौर पर कार्यरत है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्ति या गाड़ी या गतिविधि दिखने कर कंट्रोल रूम को कॉल करें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### वीर बालक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के संरक्षण एवं




डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी के प्रभार में वीर बालक दिवस पर पुण्यात्म शहीद स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी ने वीर बालकों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रासेयो छात्राओं एवं संस्था कर्मियों ने सतत पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. द्विवेदी ने छात्राओं/सर्वजनों को बताया कि सिक्खों के दसवें गुरू, गुरू गोविंद सिंह के परिवार की शहादत के गौरव दिवस है। आज ही के दिन छोटे साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतहे सिंह के अदम्य वीरता साहस एवं अमर शहीदों का स्मरण से प्रत्येक राष्ट्रप्रेमी का सीना गर्व-गौरव चौड़ा हो जाता है। इस अवसर पर विशेष रूप द्वारा सिख संगत द्वारा तैयार स्मरण गीत-भजन माय तेरे पुत्रैया शहीदी पा गये गाया गया। जिससे सभी की आंखे सजल हो गई।

### लीलाओं से होगा स्वागत

**राजनांदगांव।** वर्ष 2025 की बिदाई बेला एवं नववर्ष 2026 के आगमन के स्वागत को संस्कारधानी शहर के श्री युगल उपासक उत्सव मंडल द्वारा तीन द्विवसीय श्री भगवान कृष्ण के लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 31 दिसम्बर को रासलीला के द्वितीय दिवस पर 25 की बिदाई एवं 26 के उत्साहवर्धक एवं शुभ आगमन को लेकर 01 जनवरी 26 को भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी, ज्ञानवर्धक एवं मन को मोहने वाली लीलाओं से स्वागत करेंगे।

रासलीला 30 दिसंबर को श्री कस्तूरबा महिला मंडल पुरानी सिविल लाइन में स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज के सानिध्य में होगी। लीला का समय दोपहर 3.30 से शाम 6.30 तक रखा गया है। लीला के समय दोपहर पश्चात तथा शाम-रात के भोजन के पूर्व का होगा, जो शहर की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी जनता के लिए सुविधाजनक है। आयोजन की संयोजिका आशा रामवतार बिलासपुर तथा आयोजिका किरण डॉ. आरएस अग्रवाल युनाइटेड अस्पताल होगी। कार्यक्रम की प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता शरदा तिवारी होंगी। श्री रासलीला के लिए अलका जानी, अनुराधा लोहिया एवं दिप्ती अग्रवाल तथा माया अग्रवाल है।

### भाजपा में चरित्र और कार्य को मिलता है महत्वः पारख

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद



पारख ने नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी की विशिष्टता एवं पार्टी विद द डिफरेंस का महत्व बताते कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां व्यक्ति के चरित्र एवं कार्य की पूजा होती है। उन्होंने बताया कि भाजपा शासनकाल में अचानक ही एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का पद दिया जाना, इसके पूर्व अनुसूचित जनजाति वर्ग के रामनाथ कोविंद को भी राष्ट्रपति बनाया गया था। इसी तरह से मोहन यादव, भजनलाल को मुख्यमंत्री का पद दिया जाना, ऐसे सैकड़ों उदाहरण भाजपा में ही देखे जा सकते हैं।

# अस्पताल तक सीसी रोड निर्माण के लिए खोद डाली पहाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला। नगर पंचायत क्षेत्र अंबागढ़ चौकी के राजीव गांधी चौक से अस्पताल तक लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। बीते कई दिनों से दर्जनों हाईवा वाहनों के माध्यम से बेखौफ पहाड़ी खोदकर दिन-रात अवैध मुरूम उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा उत्खनन बिना किसी वैध अनुमति और बिना रॉयल्टी चुकाए किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस अवैध खनन में राजस्व खनिज विभाग की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार सीसी रोड निर्माण में खेत और गड्ढे को पाटने अवैध रूप से पहाड़ी को खोदकर मुरूम निकाला जा रहा है। नियमों के अनुसार मुरूम उत्खनन के लिए खनिज विभाग की अनुमति और रॉयल्टी भुगतान अनिवार्य है, लेकिन यहां खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही अवैध खुदाई छुट्टी के दिन और रात को किया जा रहा है। जिसमें दर्जनों हाईवा वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है। जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## निर्माण के नाम पर अवैध मुरूम उत्खनन, लाखों की रॉयल्टी चोरी

### अवैध मुरूम उत्खनन

अंबागढ़ चौकी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सीसी रोड निर्माण में उपयोग किया जा रहा मुरूम ग्राम पंचायत गोपलिनचुआ-घावडेटोला सरहद के पहाड़ी से अवैध रूप से मुरूम खोदा जा रहा है। यह उत्खनन न तो किसी वैध अनुमति के तहत हो रहा है और न ही इसकी कोई रॉयल्टी शासन को दी जा रही है।



### शिकायतों पर कार्रवाई नहीं

ग्राम पंचायत गोलिनचुआ-घावडेटोला सीमा पर लंबे समय से दिन-रात बेखौफ तरीके से पहाड़ी खोदकर मुरूम की अवैध उत्खनन कर रही है। ग्रामीणों ने कई बार खनिज विभाग और स्थानीय राजस्व कार्यालय में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### ठेकेदार पर गंभीर आरोप, लाखों की रॉयल्टी चोरी

गोपलिनचुवा तथा घावडेटोला के आम ग्रामीणों का कहना है कि सीसी रोड के निर्माण ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रखकर भारी मात्रा में अवैध मुरूम निकाला गया है। जिससे शासन को लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर जांच टीम गठित कर ठेकेदार और कार्य में प्रयुक्त हाईवा खुदाई में लगे पोकलेन को जब्त किया जाना चाहिए तथा हुई राजस्व क्षति की वसूली ठेकेदार से की जानी चाहिए। राजस्व निरीक्षक खनिज विभाग से संबंधितों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग उठ रही है।

### कार्रवाई की जाएगी

पूरे मामले की तफ्तीश के लिए खनिज विभाग को बोला गया है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-हेमेंद्र भुआर्य,** एसडीएम, मोहला

### रात और छुट्टी के दिन होता है अवैध उत्खनन

अंबागढ़ चौकी नगर सहित आसपास के कुछ ट्रांसपोर्टर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर हाईवे और पोकलेन से लैस है, जो सिंडिकेट चलाते हुए अवैध मुरूम खनन कर जहां लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं इस काले धंधे को विभागीय जिम्मेदार अफसर अपना पुड़िया बनाते हुए खनिज संपदा का दोहन करा रहे हैं।

## धर्म जागरण और देशप्रेम का दिया संदेश

# शहर में चंहुओर हिन्दू सम्मेलन की गूंज, जुटे 31 बस्तियों के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर हिंदू जागरण, हिंदू एकजुटता के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। आज शहर के 31 बस्तियों के लिए चार वार्डों में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सभी हिंदुओं को एकजुट करने, हिंदू-हिंदू भाई-भाई का संदेश लेकर शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज शहर के तुलसीपुर क्षेत्र के लिए प्यारेलाल स्कूल मैदान, लखोली स्कूल मैदान, बसंतपुर स्कूल मैदान और म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन के माध्यम से सनातन एकता और देशप्रेम की भावना जागृत की गई।

### बड़ी संख्या में जुटे धर्मप्रेमी

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में किलापारा बस्ती आयोजन समिति के मनोज निर्वाणी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य अलग-अलग बंटने वाले हिंदुओं को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हिंदू जागरण का संदेश दिया जा रहा है। शहर के चार अलग-अलग क्षेत्र में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



### भारत माता की आरती

दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित सम्मेलन की शुरूआत कलश शोभायात्रा के माध्यम से की गई। इस दौरान संस्कृति कार्यक्रम, भजन-कीर्तन भी आयोजित किए गए। वहीं कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती और प्रसादी वितरण के साथ किया गया।

### हिंदू जागरण का संदेश

तुलसीपुर क्षेत्र के लिए प्यारेलाल स्कूल मैदान में आयोजित हिंदू सम्मेलन के संयोजक करनैल सिंह भाटिया ने बताया कि यहां चार बस्तियों और 6 वार्डों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हिंदू जागरण का संदेश देकर अपने धर्म में परिपक्व रहने लोगों को जागृत किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से मतांतरण और धर्म परिवर्तन रूकेगा।

### प्रांत सेवा प्रमुख ने किया संबोधित

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास ने संबोधित करते कहा कि भारत दुनिया का पथ प्रदर्शक रहा है। भारत शिक्षा का केंद्र बिंदु था। विदेशी आक्रांताओं ने इस देश के ज्ञान-विज्ञान को क्षतिग्रस्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भारत नितनूतन और चिरपुरातन भी है। वहीं हिंदुत्व भारत की आत्मा है। उन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से हिंदुओं की एकता और राष्ट्रीयता पर जोर दिया।

### जनगणना की तैयारियों ने पकड़ा जोर

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तहसीलदारों एवं मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक जनगणना अशोक मिश्रा एवं सहायक निदेशक जनगणना कविंद्र भंगारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामों की सीमा रेखा का डिजिटल माध्यम से निर्धारण एवं सत्यापन करना था। जिससे जनगणना आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने जनगणना से संबंधित कार्यों को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल मैपिंग, ग्राम सीमाओं के अद्यतन, संभावित त्रुटियों की पहचान एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सर्वे के दौरान गांव की कोई बसाहट नहीं छूटना चाहिए। वास्तविक मैप देने के ग्राम का लोकेशन देना है। ग्राम का स्थान परिवर्तन, नया ग्राम, कोई ग्राम पड़ोसी तहसील का हो तो जनगणना कार्यालय को अवगत कराने के लिए कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों के सीमाओं की विसंगतियों के निराकरण के साथ ही डिजिटल मैपिंग की बारीकी बताई

# एमएमसी जिला प्रेस क्लब के एनिशपुरी पुनः बने अध्यक्ष

## आशीष, प्रशांत व मनीष बने उपाध्यक्ष

- संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के प्रेस क्लब की बैठक जिला मुख्यालय मोहला में वन विभाग के विश्राम गृह में सम्पन्न हुआ। जहां जनतांत्रिक तरीके से प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से हरिभूमि के पत्रकार एनिशपुरी गोस्वामी को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

मोहला स्थित विश्राम गृह में प्रेस क्लब के सभी पत्रकार उपस्थित हुए जहां प्रेस क्लब के नये पदाधिकारी के चयन को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष पद के लिए एनिशपुरी को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष के तीन पद के लिए आशीष कसार, प्रशांत शर्मा, मनीष कौशिक चुने गए। सचिव के लिए कलीमुद्दीन व सहसचिव के लिए केजन दास साहू ने बाजी मारी। कोषाध्यक्ष के लिए वरिष्ठ पत्रकार योगेश खण्डेलवाल को निर्विरोध मनोनीत किया गया। प्रवक्ता आफताब खान तथा मीडिया प्रभारी प्रवेश सोरी व ऐश्वर्य साहू को मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया गया तथा संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने का वादा किया गया। बैठक में योगेंद्र सिगने, ज्ञानचन्द्र कुम्भज, विनोद टेम्बुलकर, सरवरी खान, तरणजीत कौर छाबड़ा, जिब्राइल खान, प्रमोद निर्मल, राजेन्द्र टेम्बुलकर, जावेद खान, अभिषेक त्रिपाठी, मनोज यादव सहित सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में कानूनी अधिकारों की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रम न्यायालय के द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित जिंदल ने दिनांक जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियों को कानूनी जानकारी देते बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान है।

धारा 36 के तहत गिरफ्तारी करने वाला व्यक्ति उसकी पहचान का स्पष्ट चिन्ह धारण करेगा, गिरफ्तारी का ज्ञापन तैयार करेगा, गिरफ्तारी की सूचना उसके नातेदार या मित्र को दिए जाने के अधिकार की जानकारी देगा, गिरफ्तार व्यक्ति को धारा 38 के तहत उसके अधिवक्ता से मिलने का अधिकार होगा। वहीं निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा का भी उसे अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें कि यदि आप पुलिस को आपका नाम, पता नहीं बताते तो भी आपको धारा 39 के तहत गिरफ्तार किया जा सकता है। वहीं धारा 40 के तहत प्राईवेट व्यक्ति भी गिरफ्तार कर सकता है, परंतु उसे छह घंटे में पुलिस अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में निकटतम थाना को गिरफ्तार व्यक्ति को सौंपना होगा।

### मजिस्ट्रेट के समक्ष जल्द पेश करने का अधिकार



गिरफ्तार व्यक्ति को धारा 57 के तहत यथाशीघ्र मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने का अधिकार है, यदि वारंट के अधीन गिरफ्तार किया जाता है तो भी धारा 78 के अनुसार यथाशीघ्र मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने का अधिकार है। धारा 58 के तहत मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना 24 घंटे से अधिक अभिरक्षा में न रखे जाने का अधिकार है।

### रिश्तेदार को देनी होती है गिरफ्तारी की जानकारी

विधिक साक्षरता कार्यक्रम में बताया गया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (1) के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी दी जाएगी। जिसके संबंध में वह गिरफ्तार किया जा रहा है। यदि वारंट के अधीन गिरफ्तार किया जाता है तो भी धारा 77 के तहत वारंट के सार की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति को दी जाएगी या आवश्यक हो तो वारंट उसे दिखा दिया जाएगा। धारा 48 में यह आज्ञापक प्रावधान है कि गिरफ्तारी और गिरफ्तारी के स्थान की जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति के नातेदार और मित्र को दी जाएगी।

## कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास रहा : मुदलियार

# कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन स्थल में जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस की भूमिका और लोकतांत्रिक व संविधान आधारित विचारधारा पर विस्तार से अपने विचार रखे।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी की लड़ाई से लेकर देश के निर्माण तक ऐतिहासिक योगदान दिया है। सामाजिक न्याय, समानता, सर्वधर्म समभाव और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा कांग्रेस की मूल पहचान रही है। वक्ताओं ने वर्तमान समय में संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



### घर-घर पहुंचाएंगे विचारधारा : जितेन्द्र

कार्यक्रम को संबोधित करते जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 140 वर्षों की इस यात्रा में कांग्रेस ने हर वर्ग के लिए संघर्ष किया है। आज हम सभी कांग्रेसजन यह संकल्प लेते हैं कि पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएंगे और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर मजबूती से खड़े रहेंगे।

### नेताओं की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पीसीसी महासचिव शाहिद भाई, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, राकेश जोशी, प्रेम रूपचंदानी, मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, राजेश गुप्ता चंपू, अमित चंद्रवंशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, पार्षद सतीश मसीह, अमीन हुद्दा, छोटेलाल रामटेके, मुकेश साहू, विनय झा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष एनी माखिजा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रज्ञा गुप्ता, प्रवीण मेश्राम, झम्मन देवांगन, रशीद अहमद, गोपीचंद गायकवाड़, शिवम गढ़पायले, जुगल ताम्रकार, विरेंद्र चंद्राकर, गोलू नायक, प्रदीप राठौर, हेमंत वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### अशांति फैलाया दो पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने दो अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

नववर्ष पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में असामाजिक तत्वों एवं शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया गया है। जिसके तहत लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 दिसंबर को शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदकगण भूपेश सिन्हा साकिन पुराना ढाबा व पुरूषोत्तम साहू साकिन कोटरासरार थाना लालबाग के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025



# तिमाही-छमाही का बढ़ा महत्व, वार्षिक परिणाम में जुड़ेंगे 50% अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया है। अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। मतलब कि तिमाही-छमाही परीक्षा में कम अंक आने पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट प्रभावित होगा। यह व्यवस्था चालू शिक्षा सत्र से ही लागू कर दी गई है। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

शिक्षा विभाग के इस फैसले में 10वीं-12वीं के छात्रों को छोड़कर राज्य के लगभग 45 लाख छात्र प्रभावित होंगे। शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र से ही रिजल्ट का नया फार्मूला लागू कर दिया है। राज्य के सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को रिजल्ट के नए फार्मूले के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सिस्टम में ज्यादातर स्कूलों में परीक्षा केवल औपचारिकता निभाने के लिए ली जाती है। जबकि तिमाही-छमाही टेस्ट छात्रों के तीन और छह माह की तैयारियों का आंकलन करने के लिए आयोजित होते हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरती जाती है।

## जिले में तिमाही और छमाही परीक्षा निपटने के बाद आया आदेश, संशय में स्कूली बच्चे

### फेल करने का नियम ही बदल दिया

गौरतलब है कि राज्य में 2010 के पहले भी कुछ शिक्षा सत्रों में वार्षिक परीक्षाफल तैयार करने का यही सिस्टम लागू किया गया था। उस समय भी तिमाही व छमाही परीक्षा के अंकों को जोड़कर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाता था। उसी दौरान 2010 में आरटीई यानी शिक्षा का अधिकार कानून लागू हो गया है। उसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को फेल करने का नियम ही बदल दिया गया। यानी पहली से आठवीं तक सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से पास करने का सिस्टम लागू कर दिया गया। उसके बाद से मूल्यांकन का फार्मूला बदल दिया गया।

### तिमाही के 20% और छमाही के 30% अंक जुड़ेंगे



नई व्यवस्था के मुताबिक कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी में तिमाही व छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20-20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी तिमाही-छमाही का 20-20 प्रतिशत और वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर ही परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा में छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी छमाही का 30 फीसदी एवं वार्षिक का 70 फीसदी मिलाकर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

### माशिम से भी मंजूरी!

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए भी छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों को भी स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इस बारे में जानकारों का कहना है कि छात्र तिमाही व छमाही में अगर अच्छे अंक पाते हैं तो उन्हें फायनल एग्जाम में मदद मिलेगी।

### रिजल्ट में जोड़े जाएंगे अंक

अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

- पीएस बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी

## खबर संक्षेप

### 8 डिग्री पर पहुंचा पारा

**राजनांदगांव।** जिले में ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। उत्तरी दिशा से आ रही शुष्क हवाओं के चलते अंचल का न्यूनतम तामपान लुढ़ककर अब 8 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ठंड से आने वाले दिनों में राहत मिलते हुए भी दिखाई नहीं दे रही है। वहीं अधिकतम तापमान भी 28 डिग्री के करीब बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अगले 72 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक का इजाफा देखने को मिल सकता है।

## माय एंगल




## शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर टीम ने की कार्रवाई

# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, खसरा भी होगा बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे ब्रेक के बाद आखिरकार प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एक्शन लेने की शुरूआत कर दी है। नगर निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही बगैर अनुमति प्लाटिंग के साथ ही शासकीय जमीन पर तन रही कॉलानी पर कार्रवाई की गई है। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में अतिक्रमण को चिन्हित कर जेसीबी से उसे हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही भविष्य में खसरा बैन करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं नगर पालिक निगम की संयुक्त टीम द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर लखोली क्षेत्र और प्रेस क्लब के पीछे चल रही लगभग 30 एकड़ पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग तथा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते जेसीबी मशीनों एवं अन्य संसाधनों की सहायता से उन्हें हटाया।



### इन खसरों पर कार्रवाई

प्रशासनिक टीम द्वारा की गई कार्रवाई में खसरा नंबर 517/1 रकबा के 0.693 हेक्टेयर, संतोषी नगर लखोली स्थित खसरा नंबर 675/1 रकबा के 0.102 हेक्टेयर, रायपुर नाका लखोली स्थित खसरा नंबर 71/9 रकबा के 0.179 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/28 रकबा 0.202 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/8 रकबा 0.179 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71/27 रकबा 0.202 हेक्टेयर से अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण को हटया गया।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

जिला कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों और भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### निगम की टीम बनी मूकदर्शक

शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है, लेकिन नगर निगम के अफसर केवल मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार आपसी मिलीभगत का ही असर है कि शहर में पिछले कुछ सालों के दौरान चार दर्जन से अधिक अवैध प्लाटिंग की शिकायत सामने आने के बाद भी गिनती के प्रकरण में ही केवल नाम के लिए कार्रवाई की गई है।

# खेत में रखे पैरा में आग झुलसने से वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



मानपुर नाका में शनिवार को अजीब मामला सामने आया है। गांव से दूर खेत में एक व्यक्ति का शव पैरा में जला मिला। मामले की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह मानपुर से नर्मदा मुख्य मार्ग के एक खेत में कुछ ग्रामीणों ने पैरा के ढ़ेर को जलते देखा। जिसके समीप जाने पर एक व्यक्ति का शव उसमें जलते देखा। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग को बुझाया तथा घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर अपनी तफ्तीश शुरू किया। मौके पर मिले कुछ वस्तुओं के आधार पर मृत व्यक्ति की पहचान दूर्जनराम पिता घसिया वर्मा के रूप में किया गया। शव का सत्तर फीसदी से अधिक भाग जल चुका था, जिसे गंड़ई चिकित्सालय लाया गया तथा रविवार सुबह शव को फारेंसिक जांच एवं पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव ले जाया गया। बताया जाता है कि वृद्ध अपने उसी खेत में ज्यादातर रहता था, जो गांव से काफी दूर है। जिसके कारण घटना की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। गंड़ई पुलिस मामले की जांच कर रही है। पैरा के ढ़ेर में आग कैसे लगी, वृद्ध आग में कैसे जल गया सहित अन्य कई विषयों पर पुलिस साक्ष्य जुटा रही है।

### छड़ी और डंडे से हुआ पहचान

पैरा में जल चुके शव की पहचान दुर्जन वर्मा पिता स्व. घसिया 95 वर्ष के रूप में किया गया है। बताया गया कि जहां पर शव था, उसी के समीप चप्पल और डंडा पड़ा हुआ था। जिससे उस शव की पहचान दुर्जन के रूप में किया गया। ग्रामीणों के बताए अनुसार बीते कुछ साल से वृद्ध की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रहा था। घटनास्थल पर घटना कैसे हुआ, यह किसी को पता नहीं है।

# 48 नए ब्लैक स्पॉट सड़क दुर्घटनाओं को रोकने बनेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटना के कारण आए दिन आम नागरिक असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से जिले के ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां दुर्घटनाओं की संभावना अत्याधिक रहती है। दुर्घटना रोकथाम की दृष्टि से थानावार अत्याधिक दुर्घटनाजन्य स्थलों का चयन किया गया है।

पुलिस के अनुसार हाईवे में दुर्घटनाजन्य स्थानों में सोमनी थाना क्षेत्र के टेडेसरा चौक, खुटेरी चौक, देवादा चौक, ब्लीस होटल के बगल पुल के पास, कोतवाली थाना क्षेत्र में पारीनाला, रामदरबार चौक, भाजपा कार्यालय चौक, पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र में चिखली फ्लाई ओवर, गठुला नाला, बसंतपुर थाना क्षेत्र में आरके नगर चौक, अम्बेडकर चौक, मोहारा बायपास से सिंगदई चौक तक। इसी तरह डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र इलाके में ग्राम मुड़पार पुलिया, केदारबाड़ी नाकापारा मोड़ डोंगरगढ़, गैस एजेंसी के सामने खैरागढ़ रोड, डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत माथलडबरी के आगे ढाबा के पास छुरिया रोड, लालबाग थाना क्षेत्र में बरगा मोड़, पेंड्री जीई रोड आवासीय क्षेत्र, रीवागहन, भानपुरी जीई रोड आवासीय क्षेत्र, फरहद चौक, तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में गुरूद्वारा चौक तुमड़ीबोड़, कोपेडीह चौक, मलईडबरी चौक, तुमड़ीबोड़ डोंगरगढ़ तिराहा, नाथूनवागांव चौक, सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम लिटिया आरा मिल के पास, ग्राम धनगांव मोड़ के पास, ग्राम बम्हनी मोड़ के पास, ग्राम सुकुलदैहान राम मंदिर तिराहा, ग्राम रेंगाकठेरा-बुंदेलीकला के बीच जर्जर पुल, चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में पाटेकोहरा आरटीओ बेरियर नागपुर पाईंट के पास, ग्राम नारायणपुर झूरानदी पुल के पास ग्राम रंगीटोला लालबहादुर नगर मोड़ के पास, बागनदी थाना क्षेत्र में सड़क चिरचारी, चाबुकनाला, बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरतलाव थाना के सामने फ्लाई ओवर, चेंदरी माता मंदिर मोड़ डोंगरगढ़ रोड, घुमका थाना इलाके में ग्राम मुरमुंदा मोड़ से ग्राम बिजेतला मोड़ बड़े पुल (तिलई-बेमेतरा मेन रोड), मोंहदी चौक तिराहा मां बंजारी मंदिर मोड़ ग्राम बरगाही (तिलई-बेमेतरा मेन रोड), गोपालपुर चौक, मुड़पार चौक।

### हेलमेट लगाकर वाहन चलाए

राजनांदगांव पुलिस ने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर वाहन अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं धीमी गति से चलाएं। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं।

# शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को शक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में आज शहर के कमला कॉलेज चौक के समीप सामाजिक भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते यहां से कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिला-पुरूष शामिल हुए।

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ शाखा द्वारा भाईचारा, सामाजिक एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासियों के उत्थान के उद्देश्य से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कमला कॉलेज के समीप से निकली शोभायात्रा अंबेडकर चौक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समाज के लोगों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी।

### सामाजिक एकजुट का दिन

शक्ति दिवस के आयोजन को लेकर कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष ऋषि कुमार भुआर्य और अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के सचिव मुकेश ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1998 में मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में समाज के पांचो महासभा। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, नागपुर और बस्तर शामिल है, इन्होंने सामाजिक एकजुट के लिए पांचो महासभा के एक रहने की शपथ ली थी, तब से इस दिन को शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के पार्षदगण, सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक, एसके चौरसिया, आरआर खरे, सुनील भुआर्य, डॉ. पवन ठाकुर, यूएस ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष एचआर ठाकुर ने की। सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद के आयोजन भी किए गए।

# अटल जी ने सेवा और सुशासन पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

■ प्रतिमा पर माल्यार्पित कर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

मंडल भाजपा ने राज्य निर्माता अटल बिहारी बाजपेई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम के समीप स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, सुरेंदरसिंह भाटिया, कांता प्रसाद साहू, शेखर भरतद्वाज, अशोक मरकाम, अमीर खान मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन सुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को स्मरण करने का अवसर है। अटल जी ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति में रहते हुए मानवीय मूल्यों और नैतिकता को सर्वोपरि रखा। कांता प्रसाद साहू ने कहा कि अटल जी केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि भी थे। इस अवसर पर धन्ना यादव, नकुल नेताम, नैनसिंह पटेल, आनंद वेलेकर, सोहन साहू, टीकम साहू, टीकम पांडे, भानबाई मंडावी, राजकुमार सिन्हा, कुंदन बडोले, पद्मभूषण साहू, मायाराम साहू, श्यामसुंदर साहू, शानू यादव, खिलेंद्र साहू, मनोज साहू, प्रह्लाद मंडावी, भुखन धनकर, अशोक सेन, कनसराम पटेल, देवानंद सहारे, लेखराम निर्मलकर, यशवंत पवार, उभय तारम सहित अन्य मौजूद थे।

## खनिज विभाग की नींद टूटीः सवालों में कार्यप्रणाली

# गिट्टी, रेत से लदे तीन हाईवा को खनिज विभाग ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र में बेखौफ चल रहे खनिज के अवैध कारोबार को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूट गई है। खनिज विभाग की टीम ने पिछले दो दिनों में सक्रियता दिखाते हुए गिट्टी, रेत और मिट्टी के परिवहन में लिप्त तीन हाइवा वाहनों को जप्त कर गंडई थाने के सुपुर्द किया है। हालांकि कार्रवाई से कुछ समय पहले कई वाहन टीम के सामने से गुजर जाने से विभाग की मंशा पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विभाग ने 26 दिसम्बर को गिट्टी से भरे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 1409 को जप्त किया। इसी प्रकार 27 दिसम्बर की सुबह मिट्टी से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 04 एचपी 5746 एवं रेत से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीएम 7224 को पकड़कर गंडई थाने के सपुर्द रखा गया है। बताया जाता है कि शुरुआत में दो ट्रैक्टरों पर भी कार्रवाई की गई थी, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।ट्रेक्टरों को क्यों छोड़ा गया इसकी जानकारी नही है। वर्तमान में तीनों हाइवा थाने में खड़े हैं।

## खबर प्रकाशन के बाद विभाग एक्टिव



### कार्रवाई के बीच सांठगांठ की चर्चा

शनिवार सुबह जब खनिज विभाग की टीम ने रेत से भरे हाइवा का पीछा कर उसे गंडई कॉलेज के पास पकड़ा और जप्त कर थाने लाया जा रहा था, ठीक इसी समय रेत से भरा एक हाइवा थाने के सामने से गुजरा, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों की यह चिन्हाकित कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### अधिकारी मौन, फोन व्यस्त

गंडई क्षेत्र में सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक रेत और गिट्टी का अवैध खेल चलता है। ओवरलोड गाड़ियों के कारण क्षेत्र की सड़कें छलनी हो रही हैं। जब इस संबंध में खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की जाती है, तो उनका नंबर हमेशा व्यस्त मिलता है। अधिकारियों की बेरुखी अवैध परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद कर रही है। जानकारों का कहना है कि बिना रॉयल्टी और बिना वैध कागजातों के चल रहे ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है। लोक निर्माण विभाग जहां बजट की कमी के कारण सड़कों की मरम्मत नहीं कर पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ खनिज माफिया और विभागीय मिलीभगत से शासन के खजाने को चूना लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन के बात मे बताया



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में बूथ क्रमांक 198 मे हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन के बात मे बताया जिसमे हमारे देश के प्रधानमंत्री ने एंटीबायोटिक दवाई के बारे में जानकारी दिए प्रधानमंत्री ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाई बिना डॉक्टर के सलाह के कभी भी नहीं खाना चाहिए जिसमें उपस्थित रहे ग्राम पंचायत के सरपंच कपिल चंद्राकर, सुरेश दुबे जिला मंत्री भगतपुर रामफल चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच बुथ अध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी सीताराम विश्वकर्मा अर्जुन यादव एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने स्थापना के 140 वर्ष पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस



**कवर्धा।** अखिल भारतीय कांग्रेस अपने स्थापना के गौरवशाली 140 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में स्थापना दिवस मना रही है। इसी क्रम में कांग्रेस कमेटी कवर्धा के जिला कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की 140 वर्षों की यात्रा त्याग, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की प्रतीक रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने, एकजुट रहकर जनता के मुद्दों के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके पश्चात पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने अपने संबोधन में कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास और देश के निर्माण में पार्टी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। सभी ने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### महिला सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग छत्तीसगढ़ की टीमों ने दिखाया दम

# सुभीत जोशी सॉफ्टबॉल वूमेंस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के द्वारा दो दिवसीय सुभीत जोशी सॉफ्टबॉल वूमेंस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है जो दिनांक 27 से 28 दिसंबर तक कवर्धा के छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जाएगा जिसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बिलापसुर, राजनांदगांव और कवर्धा के महिला खिलाड़ी सम्मिलित हुए है जिसमें कुल 48 खिलाडियों के द्वारा चार टीम डायमंड वॉरियर्स,क्वीन बीस, लेडी लायन, फीयरलेस फाइटर्स के नाम से आईपीएल के तर्ज पर खेला जा रहा है जिसमे आज का पहला मैच डायमंड वॉरियर्स विरुद्ध क्वीन बीस के बीच खेला गया जिसमे दोनों टीमों के बीच बहुत ही टक्कर का मुकाबला चला डायमंड वॉरियर्स की टीम से अंजू तांडी ने शानदार पिचिंग किया तो क्वीन बीस की टीम से गंगा सोना ने बहुत अच्छ पिचिंग किया परन्तु दोनों टीम का स्कोर 3 इनिंग के मार्च में 3-3 का बराबर रन बना इसके कारण यह मैच ड्रा हो गया और दोनों टीम को एक एक प्वाइंट दिया गया वही दूसरा मैच लेडी लायन विरुद्ध फीयरलेस फाइटर्स के बीच खेला गया जिसमे लेडी लायन की टीम ने एक तरफा मात देते हुए 07-01 से हराया इसमें बेमेतरा की भोली ने शानदार पिचिंग का प्रदर्शन किया वही तीसरा मैच क्वीन बीस विरुद्ध फीयरलेस फाइटर्स के बीच हुआ जिसमे दोनों टीमों ने बहुत ही कड़ा टक्कर देते हुए तीन इनिंग के मैच में 0-0 का स्कोर रहा और यह मैच ड्रा हो गया चौथा मैच डायमंड वॉरियर्स विरुद्ध लेडी लायन के बीच हुआ जिसमे डायमंड वॉरियर्स की टीम ने 04-00 से लेडी लायन को हराया इसके बाद पांचवा मैच फीयरलेस फाइटर्स विरुद्ध डायमंड वॉरियर्स के बीच हुआ इस मैच में फीयरलेस फाइटर्स की टीम से शानदार वापसी करते हुए 03-02 के रन से यह अपने नाम किए वही लीग का अंतिम मैच क्वीन बीस विरुद्ध लेडी लायन के बीच खेला गया जिसमे क्वीन बीस की टीम ने 03-00 से लेडी लायन की टीम को हराकर फूल टॉपर बनी इस मैच में रायपुर की गंगा सोना ने शानदार पिचिंग का प्रदर्शन किया। एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अभी तक लीग के 6 मैच हो चुके है जिसमें क्वीन बीस की टीम ने पुल विनर बने वही पुल रनर डायमंड वॉरियर्स की टीम बनी जो सीधा 28 दिसंबर को क्वालीफायर प्रथम में खेलेंगे जिसमें जितने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश करेगी और हारने वाली टीम को क्वालीफायर द्वितीय में एक मौका और मिलेगा वहीं पुल लूजर फीयरलेस फाइटर्स और लेडी लायन की टीम रही जो एलिमिनेटर राउंड खेलेंगे जिसमें जितने वाली टीम क्वालीफायर द्वितीय में प्रवेश करेगी यह टूर्नामेंट बहुत अच्छा चल रहा है छत्तीसगढ़ से आए हुए महिला खिलाडियों के द्वारा खेल जा रहा है जिसमे अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए है जिनके बीच यह मुकाबला खेला जा रहा है।

### कड़ा मुकाबला और रोमांचक मैचो के साथ महिला साफ्टबॉल लीग शुरू



वही एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया कि कवर्धा में प्रथम बार महिलाओं के लिए यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया है पूरे छत्तीसगढ़ में यह पहला जिला है जहां सॉफ्टबॉल के महिलाओं के लिए सुभीत जोशी सॉफ्टबॉल वूमेंस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजित हुआ इसके माध्यम से सॉफ्टबॉल खेल में जुड़े हुए जूनियर एवं सीनियर खिलाडियों को एक नया प्लेटफार्म मिला जिससे वो अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर सके वहीं इस प्रतियोगिता में सब जूनियर के बच्चे भी खेल रहे है जिनका जनवरी में होने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जिनको भी इस टूर्नामेंट के माध्यम से एक अच्छा खेल का प्रदर्शन करने का और सीनियर से अनुभव मिल रहा है जो निश्चय ही सब जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बहुत मदद मिलेगा। इस प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्यअतिथि अंजूकुमारी डीएसपी कबीरधाम, राजा पीयूष टाटीया संस्थापक प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा, डॉ.प्रांजल जैन स्नेहा हॉस्पिटल, भूपेंद्र सिंह ठाकुर का आगमन हुआ था जिन्होंने इस टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया और छत्तीसगढ़ से आए हुए सभी महिला खिलाड़ीयो का उत्साहवर्धन किए। वही इस प्रतियोगिता के प्रायोजक शिवम कृषि केंद्र, श्रम विभाग रायपुर,दुर्ग सॉफ्टबॉल संघ, रिया चंद्रवंशी, स्नेहा हॉस्पिटल, चकोर स्पोर्ट्स, अशोका पब्लिक स्कूल, रितेश लाईट एंड साउंड, बजरंग फोटोकॉपी, कलेश्वर फोटग्रफी रहे जिनके सहयोग से यह टूर्नामेंट सफल आयोजित हो रहा है।

# 80 वर्ष के वृद्ध सदस्यों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शनिवार 27 दिसंबर को सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के कलेक्ट्रेट स्थित सियान सदन में माह नवम्बर- दिसंबर में जन्मदिन वाले 14 सदस्यों का सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम का जो उल्लेखनीय पक्ष यह है कि हमने अपनी समिति के 13 ऐसे लोगों का विशेष सम्मान, माल्यार्पण, श्रीफल और शाल तथा उनकी फोटोयुक्त स्मृति चिन्ह भेंटकर किया जिन्होंने अपने जीवन के 80 वर्ष कुशलता पूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इन सदस्यों में सबसे अधिक आयु के गोवर्धन प्रसाद शर्मा 93वर्ष पूरे कर लिए हैं इनका जन्म तिथि 1932 है। शेष 12 सदस्य 80 से 83 वर्ष के हैं इनमें भरतलाल केशरी, श्याम सुंदर मिश्रा पंडरिया, डॉ.ए के श्रीवास्तव, गजानंद प्रसाद तिवारी, राम खिलावन देवांगन, मगन भाई चौहान, अरुण लाल शर्मा, भंवर लाल लूनिया, सैयद रहमान अली, एसएस जैन, दुजेराम गुप्ता पंडरिया, श्रीमूलचंद देवांगन हैं। इन सभी साथियों का सम्मान हमारे अपने ही सदस्यों ने उत्साह एवं श्रद्धापूर्वक किया। समिति के अध्यक्ष मदन तंबोली ने सभी को श्रद्धापूर्वक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सम्मानित वरिष्ठजनों की ओर से डॉ. एके श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया साथ ही सबके स्वस्थ जीवन की कामना की। संचालन करते हुए आदित्य श्रीवास्तव ने एक आलेख वृद्ध जनों का समाज में महत्व एवं समाज और परिवार द्वारा अपने वृद्धजनों को पर्याप्त सम्मान दिए जाने की बात कही। हमारे वृद्धजन अनुभव के भंडार हैं एवं समाज के मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा का यह अनुकरणीय एवं सराहनीय कार्य है।

# कुंडा धान खरीदी केंद्र में टोकन व्यवस्था से किसान परेशान, 20 दिन शेष होने पर बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा




धान खरीदी केंद्र कुंडा में टोकन वितरण को लेकर केंद्र से संबद्ध ग्रामों के किसान गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि कई कृषकों को अब तक एक भी टोकन जारी नहीं किया गया है, जिससे उनकी उपज की खरीदी अधर में लटक गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 से 10 एकड़ रकबा धारण करने वाले किसानों को केवल आधी भूमि के लिए ही टोकन जारी किए जाने की बात कही जा रही है। किसानों का कहना है कि बाद में शेष आधी भूमि के लिए टोकन जारी होने की कोई ठोस गारंटी नहीं दी जा रही है। इस आशंका के चलते कई किसान आधे रकबे का टोकन लेने से इनकार कर रहे हैं, क्योंकि इससे शेष उपज की खरीदी प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। टोकन जारी न होने की स्थिति में किसान धान खरीदी केंद्र कुंडा के कंप्यूटर ऑपरेटर, संबंधित पटवारी एवं तहसील कार्यालय कुंडा के बीच लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाने से किसानों में रोष और निराशा दोनों बढ़ती जा रही है। इधर, शासन स्तर पर सुशासन दिवस जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर अटल परिसर का लोकार्पण भी किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान अपनी उपज बेचने के लिए टोकन के इंतजार में भटक रहे हैं। किसानों का कहना है कि कृषि प्रधान देश में अन्न उत्पादन करने वाला किसान ही यदि व्यवस्था की खामियों से परेशान रहेगा, तो सुशासन की अवधारणा पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। धान खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने में अब मात्र लगभग 20 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से जुड़े अधिकारियों एवं धान खरीदी केंद्र कुंडा से संबंधित जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए टोकन वितरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और शीघ्र पूरा कराने के लिए तत्काल सकारात्मक पहल करें, ताकि किसानों की उपज समय पर खरीदी हो सके और उन्हें अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा कर मनोकामना की कामना किया जा रहा श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव




विकासखंड पंडरिया की ग्राम मोहगांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहे है दिनांक 23 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक गांव के सुख शांति समृद्धि एवं गौ रक्षक के लिए विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है रोजाना श्रद्धालुओं द्वारा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा कर अपने गांव एवं घर के सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया जा रहा है अपने मनोकामना के लिए परिक्रमा किया जा रहा है जिसमें यज्ञाचार्य पंडित श्री लक्ष्मी निवास पांडे ग्रामचार्य हरिप्रसाद पाठक रमा निवास पांडे जग निवास पांडे यज्ञ संचालक चंद्रभूषण प्रसाद पाठक यज्ञ संचालक वही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवक्ता पंडित अरुण दुबे पंडित कर्नल तिवारी पंडित हलधर प्रसाद शर्मा पंडित आनंद उपाध्याय सुश्री विद्या दुबे के द्वारा कथा का वर्णन करेंगे 2:00 बजे से हरि इच्छा तक यह आयोजन ब्राह्मण एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा किया जा रहा है जिसमें मोचन चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, पवन शर्मा, दिनेश पांडे, नकुल चौहान आसपास के ग्रामीण जन पहुंचकर कथा का आनंद उठा रहे हैं। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रतिदिन 12:00 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है और रात्रि कॉलीन शानदार कृष्ण लीला का आयोजन भी किया जा रहा है, पंडित मनमोहन तिवारी रणवीरपुर द्वारा शानदार झांकी के रूप में प्रतिदिन अलग-अलग रूप में विराजमान होते हैं यह भी आकर्षक बना हुआ है वही कवर्धा के राजा योगेश्वर सिंह राजा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुआ।

## क्रांतिकारी युवा संगठन का निर्वाचन संपन्न निर्विरोध बने अध्यक्ष रामलाल पटेल



**कवर्धा।** जिला मुख्यालय स्थित पटेल भवन, समनापुर में पटेल समाज के क्रांतिकारी युवा संगठन के पुनर्गठन को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य युवाओं को संगठित कर सामाजिक शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में समाज की प्रगति को गति देना रहा। वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में हुए निर्वाचन में रामलाल पटेल को संगठन का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन प्रक्रिया के बाद संगठन की नई कार्यकारिणी इस प्रकार घोषित की गई। सचिव संजय पटेल, उपाध्यक्ष तुलेश्वर पटेल, बैसाखू पटेल, सुरेश पटेल, रेशम पटेल, कोषाध्यक्ष गोविंद पटेलसंरक्षक भुनेश्वर पटेल, अश्वनी पटेल, कमल पटेल, मोती राम पटेलमीडिया प्रभारीः रामदास पटेल, युवराज पटेल प्रवक्ताः सुरेश पटेल, केवल पटेल, सलाहकारः नेमीचंद पटेल जल्द होगा शपथ ग्रहण समारोह इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि नई कार्यकारिणी के लिए शीघ्र ही भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तिथि घोषित की जाएगी। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई युवा टीम शिक्षा, व्यापार और सामाजिक एकता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी रामदास पटेल मीडिया प्रभारी क्रांतिकारी पटेल युवा संगठनजिला कबीरधाम ने दी।

## निर्मल मन वाले को भगवान राम की प्राप्ति होती है : पं आनंद उपाध्याय



**हरिभूमि न्यूज मोहगांव।** पंच कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का मोहगांव में मंगलमय आयोजन किया गया है यह यज्ञ गौ माता की रक्षा, ग्राम की रक्षा, और विश्व कल्याण के लिए किया जा रहा है सत्संग के सत्र में परम पूज्य शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि भगवान श्री राम कहते हैं कि मुझे वही प्राप्त कर सकता है जिसका मन निर्मल हो छल कपट मुझे पसंद नहीं है, अब बात यह है कि हम आप यदि भगवान राम को पाना चाहते हैं तो अपने मन को निर्मल करना पड़ेगा शुद्ध करना पड़ेगा तभी भगवान राम की प्राप्ति होगी, पर हमारा मन तो मालिन है विकार ग्रस्त है अशुद्ध है अब हम कहां जाएं क्या करें? रामचरितमानस में तुलसीदास महाराज कहते हैं यदि हमारा मन मालिन है तो हम माता सीता के चरण कमल की उपासना करें माता सीता का भजन करें सीता के चरणों के शरण में जाएं माता सीता के चरण कमल की उपासना से हमारा मन शुद्ध पवित्र होगा और हम भगवान राम को प्राप्त कर लेंगे माता सीता ही हमें भगवान राम को पाने के लायक बनाती है राधा रानी ही हमें भगवान श्री कृष्ण को पाने के लायक बनाती हैं लक्ष्मी की कृपा से नारायण माता पार्वती की कृपा से भगवान शंकर की प्राप्ति होती है। हमें सीता राधा की शक्ति की आराधना करनी चाहिए जिससे भगवान को पाने के लायक बन सकें। इसके साथ-साथ हमें समाज में सीता और राधा की अंशभूता नारी शक्ति का सम्मान आदर करना चाहिए। जिससे सामाजिक मर्यादाओं की स्थापना हो सके हम सब सुख और कल्याण को प्राप्त कर सकें। यज्ञ के अंग दान के संबंध में कहा कि सामान्य रूप से दान दो प्रकार का होता है पहला दान समय और पर्व पर दिया जाता है और दूसरा दान होता है नित्य दान जो रोज दिया जाता है नित्य दान की हमारे शास्त्रों में और श्री शिव महापुराण में बहुत महिमा बताई गई है सामान्य दिन में दान से एक गुना फल, अमावस्या में सौ गुना, कर्क संक्रांति में हजार गुना, मकर संक्रांति में दस हजार गुना, चंद्र और सूर्य ग्रहण में लाख गुना फल, जन्म नक्षत्र और व्रत के दूसरे दिन लाख गुना पुण्य मिलता है। नित्य दान के द्वारा इन सभी तिथियों में दान करने का फल प्राप्त होता है। सवा रुपए रोज के हिसाब से साल में एक बार हर साल 450 रुपए का दान होता है आजीवन 45000 है। घर के हर सदस्य को नित्य दान करना चाहिए। ये दान की राशि शंकराचार्य आश्रम में जाती है। आप पण्डित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले के पास नित्य दान की राशि जमा कर नित्य दान के पावन प्रकल्प से जुड़ सकते हैं।

### 7-ए-साइड राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में कवर्धा, राजनांदगांव का फाइनल मुकाबला

# फाइनल महामुकाबला, खेल प्रेमियों में उत्साह चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला हॉकी संघ कबीरधाम के तत्वावधान में स्वामी करपात्री स्टेडियम हॉकी मैदान, कवर्धा में आयोजित 7-ए-साइड राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 अपने रोमांचक दौर में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई पुरुष एवं महिला हॉकी टीमें भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कवर्धा और राजनांदगांव की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है, जिससे यह तय करना कठिन हो गया है कि खिताब पर कौन-सी टीम कब्जा जमाएगी। फाइनल मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी विशेष उत्साह और रोमांच का माहौल बना हुआ है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा जिले में हॉकी खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास और अनुशासन ही उनकी सफलता का आधार है। इसी का परिणाम है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कवर्धा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिलने से हॉकी जैसी खेल गतिविधियों का निरंतर विकास संभव हो पाया है। इसके लिए जिला हॉकी संघ समाज के सभी सहयोगी वर्गों का हृदय से आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष डॉ. अतुल जैन, कोषाध्यक्ष डॉ. गोवर्धन सिंह, सहसचिव प्रभु श्रीधर, महासचिव पवन देवांगन, श्रीमती प्रेरणा देशमुख एवं श्रीमती अलका वर्मा की उपस्थिति रही। जिला हॉकी संघ कबीरधाम के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी एवं सचिव अविनाश चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले एवं प्रदेश में हॉकी खेल को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ी है और कवर्धा जिले में हॉकी को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ है। चार दिवसीय इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है, बल्कि कवर्धा को प्रदेश के खेल मानचित्र पर एक मजबूत पहचान भी दिलाई।

# गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुई विधायक भावना बोहरा सतनाम समाजिक भवन के लिए 10 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष अभी परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है गुरु घासीदास की 269 जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें क्षेत्रीय उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र एवं विशिष्ट अतिथि छत्र किशोर सानू तिवारी जनपद पंडरिया उपाध्यक्ष विकास पांडे, ओम यदु, सुरेश दुबे, श्रीमती दुरपती, ईश्वर चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत घोरपेंड्री, बसनी, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, संतोष चंद्रवंशी, शेखर दिनेश चंद्रवंशी, केदार साहू, पिल्लू साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वल के साथ हुई और विधायक भावना बोहरा एवं आए हुए अतिथि का समिति द्वारा भव्य फूलमाला के साथ स्वागत किया गया बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के संत नहीं थे बलिक उन्होंने पूरे मानव समाज को सत्य हिंसा और समानता का मार्ग दिखाया सत्य नाम ही मानवता की सबसे बड़ी पहचान है और बाबा का मनखे मंनखे एक समान का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है इस कार्यक्रम में सतनामी समाज की कार्यकर्ता आयोजक गढ़ के साथ समस्त ग्रामवासी बसनी एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी जनसंख्या में उपस्थित रहे। वही उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा के द्वारा समिति के मांग को देखते हुए 10 लाख का सतनाम सामुदायिक भवन घोषणा किया गया जिससे खुशी का माहौल एवं आभार व्यक्त किया विधायक को सतनाम समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती के समारोह पर जबरदस्त पंथी नृत्य देखने को मिला मादर की थाप बैंजो की धुन पंथी नृत्य का जबरदस्त प्रदर्शन ने लोगों का मन मोह लिया।


**विरोध प्रदर्शनः** कांग्रेस पार्टी के नेता सनातन विरोधी है, सनातन धर्म का कर रहे अपमानः मनीराम साहू

# भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सहित जिले में धर्म के नाम पर राजनीति थमने का नाम नही ले रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व मंत्री टीएस सिंह देव द्वारा सनातन धर्म के धर्म गुरू धीरेन्द्र शास्त्री एवं सनातन के विरोध में दिए गए बयान के बाद इसमें उबाल आ गया है। इसी कड़ी में रविवार को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशन एवं जिला भाजयुमो के अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में श्री बघेल एवं श्री सिंहदेव का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के साथ संपूर्ण मानव जाति और विश्व के कल्याण की कामना करता है। ऐसे महान और विशाल हृदय वाले विराट सनातन धर्म के विरुद्ध अनुचित कथन कहने वाले को सनातन धर्मप्रेमी कभी क्षमा नहीं करेंगे। वहीं जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व टीएस सिंह देव के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। उन्होने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सनातन धर्म को नीचा दिखाने और अपमानित करने का काम करती रही और अभी भी यह काम उसी के इशारे पर चल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो पीयूष ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की संस्कृति के अनुसार उसके नेता भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव द्वारा हमारे पूज्य साधु-संतों एवं सनातन संस्कृति के विरुद्ध अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो, पीयूष ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो, सचिन गुप्ता जिला महामंत्री भाजयुमो, तुकेश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, मिथलेश बंजारे, नीतिश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, अरविंद वर्मा, रामचरण साहू, मीनू साहू, दुर्गेश दुबे, अश्वन साहू, अमित चंद्रवंशी, दीपक ठाकुर, राकेश साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र घृतलहरे, लोकचंद साहू, सुनील दोषी, उमंग पांडे, राकेश साहू, राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, दिलीप घृतलहरे, दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**नहीं थम रही धर्म के नाम पर राजनीति**



प्रदेश सहित जिले में धर्म के नाम पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है और राजनीति करने में न तो भाजपा पीछे है और न ही कांग्रेस। कांग्रेस के नेताओं ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग प्रवास पर पहुंचे कथा वाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के विरोध में बयान बाजी किस मंशा से की यह तो भगवान जाने लेकिन इस बयान को सनातन विरोधी बयान का अमली जामा पहनाकर भाजपा ने लपकने में देर नहीं की और अब इसका लगातार विरोध किया जा रहा है। ये अलग विषय है कि कबीरधाम जिले में आए दिन सनातनियों के आस्था के केन्द्र मंदिरों में तोड़फोड़, चोरी, सनातनियों का धर्मांतरण तथा सनातनियों की आस्था का प्रतीक गौ माता की तस्करी और मौत थमने का नाम नहीं ले रही है। लेकिन इन विषयों पर न तो धर्म के ठेकेदार सामने आते हैं और न ही सरकार इस पर सख्त दिखाई देती है। ऐसे में आम लोग भी राजनैतिक दलों की इस तरह की राजनीति को भली भांति समझते हैं।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की तीन दिवसीय हड़ताल आज से प्रारंभ

- शासन-प्रशासन के समक्ष रखी 11 सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। माना जा रहा है कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की इस हड़ताल से जिले के शासकीय कार्यालयों का कामकाज ठप पड़ सकता है। इस संबंध में कर्मचारी अ धि का री फेडरेशन के जिला संयोजक अर्जुन चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। श्री चन्द्रवंशी के मुताबिक फेडरेशन की इस हड़ताल को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। उन्होने बताया कि फेडरेशन ने शासन-प्रशासन के समक्ष मुख्य रूप से केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता) लागू किए जाने, डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किए जाने, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिए जाने, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चि कि त्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति किए जाने, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण किए जाने, प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू किए जाने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस किए जाने, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने तथा सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष किए जाने की मांग रखी है।

**खबर संक्षेप**

### सिंघनपुरी में श्रीमद् भागवत आज से

**कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सिंघनपुरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एक वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जा रहा है। यजमान कुमार सिंह साहू एवं सोहगी बाई साहू द्वारा अपने निज निवास में आयोजित इस श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पंडित चन्द्रभूषण शर्मा द्वारा कथा का श्रवणपान कराया जाएगा। जिसके तहत 29 दिसम्बर को श्री गौकर्ण महात्म्य, शोभा यात्रा, 30 दिसम्बर को कथारंभ परीक्षित जन्म, वराहावतार, मनुकर्दम संवाद, 31 दिसम्बर को कपिल गीता, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 1 जनवरी को जड़भरत चरित्र, भूगोल खगोल वर्णन, प्रहलाद चरित्र, 2 जनवरी को वामन अवतार, श्री राम कथा, श्री कृष्ण जन्म, 3 जनवरी को बाललीला वर्णन, माखन चोरी, गोवर्धन महिमा वर्णन, 4 जनवरी को महारास वर्णन, श्री कृष्ण रुखमणी विवाह, 5 जनवरी को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौत्री, 6 जनवरी को गीता, वार्षिक श्राद्ध, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है।

### संपर्क कक्षा, प्रायोगिक परीक्षा 6 जनवरी से

**कवर्धा।** सुंदरलाल (ओपन) विवि बिलासपुर ने डिप्लोमा इन योग-सत्र 2025-26 (जुलाई से जून) पाठ्यक्रम के संपर्क कक्षा व प्रायोगिक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10 दिवसीय संपर्क कक्षा व प्रायोगिक परीक्षा 6 जनवरी से होगी

## कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस

### 51 वरिष्ठ कांग्रेसियों का किया गया सम्मान



- जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने समस्त कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को एकजुट कर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और भारत को आजाद कराने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग, पंडित जवाहरलाल नेहरू के आधुनिक भारत के सपने, सरदार वल्लभभाई पटेल की राष्ट्रीय एकता की भावना, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के त्याग और बलिदान तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी ने देश को दिशा देने का कार्य किया। इन्हीं महान नेताओं की विचारधारा कांग्रेस की आत्मा है, जिसे आज भी पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाया जा रहा है। नवीन जायसवाल ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई। देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना, संविधान निर्माण, पंचायती राज व्यवस्था, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और परमाणु विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां कांग्रेस सरकारों की देन हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, विश्वविद्यालयों की स्थापना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार, गरीबों के लिए योजनाएं, किसानों के हित में नीतियां, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का कार्य कांग्रेस पार्टी ने हमेशा प्राथमिकता के साथ किया है। नवीन जायसवाल ने कहा कि आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 51 वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया गया। वरिष्ठ जनों का सम्मान करना मेरे लिए गर्व की बात है और इनके आशीर्वाद और सहयोग से और मार्ग दर्शन से आने वाले समय में फिर से दोनो विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनाएंगे। वर्तमान समय में जब देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, तब कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस पार्टी नफरत नहीं, मोहब्बत, विभाजन नहीं, एकता और डर नहीं, अधिकार की राजनीति में विश्वास करता है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करें, जनता की आवाज बनें और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सद्भावना शिविर का आयोजन 30 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अनुसूचित जातियों के विकास, कल्याण एवं समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से जिले के अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में, सद्भावना शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 30 दिसंबर को विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत तारो में एक दिवसीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद सामाजिक रूढ़ियों, भेदभावपूर्ण सोच एवं कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना है। शिविर के माध्यम से समाज में समानता, भाईचारे, आपसी सद्भाव एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। आयोजन के दौरान नागरिकों को स्वच्छ, निर्मल और समावेशी सामाजिक वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**मेल मुलाकात...**



**सहसपुर लोहारा।** सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर सुदेश सिंह ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से रणवीरपुर में सौजन्य भेंट कर अपने गृह ग्राम रामपुर ठाठापुर में पिछड़ा जाति बालक, बालिका छात्रावास सहित अन्य जनहित में विकास कार्यों की मांग रखी।

## बायपास बोड़ला में दर्दनाक हादसा, ट्रेलर की टक्कर से युवक का पैर कुचला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला



नगर पंचायत बोड़ला होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रविवार को तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने मोटर साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में युवक उछलकर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के पिछले टायर में जा घुसा। बताया जाता है कि हादसे में युवक का पैर बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान राहुल मरावी, निवासी जैताटोला, के रूप में हुई है। वह घोंघा ग्राम के सरपंच कुलेश मरावी का पुत्र है, जो बैजलपुर से अपने घर लौट रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

**डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग**

## डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचितःछत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय इकाई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा, छ्ग शासन के स्कूल शिक्षा सचिव, एससीईआरटी एवं लोक शिक्षण संचानालाय छत्तीसगढ़ के संचालक को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों हेतु बीएड का ब्रिज कोर्स करने का प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में व्याख्याता पद पर पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दिया गया है, इससे हजारो डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हो गए हैं। छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई, बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय के वर्तमान निर्णय और एनसीटीई के दिशा-निर्देश के आलोक में प्राथमिक सहायक शिक्षकों व पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिये प्रमोशन हेतु बीएड की अनिवार्यता किया गया है, जिससे हजारों शिक्षक प्रभावित होकर प्रमोशन से वंचित हो गए हैं। इससे बीएड ब्रिज कोर्स की प्रासंगिकता व अनिवार्यता महसूस किया जा रहा है। टीचर्स एसोसिएशन की मांग है कि प्राथमिक स्तर पर कक्षा एक से पांच व पूर्व माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से 8 में नियुक्त सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक, जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं, उनके लिए एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स संधारण कर 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स का प्रावधान बनाते हुए शासन स्तर से शीघ्र ब्रिज कोर्स प्रारम्भ किया जावे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने छग शासन से आग्रह किया है कि प्रदेश के हजारों डीएड व समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षकों के भविष्य को ध्यान रखते हुए विभागीय बीएड ब्रिज कोर्स कराने हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार कर अविलंब निर्णय लिया जावे।

**पदांकन कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पद दिखाने की मांग**

लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने 26 दिसम्बर को जारी आदेश में ई-एलबी संवर्ग के शिक्षक से विभिन्न विषयों के व्याख्याता पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया है, जिनका पदांकन ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने पदोन्नति हेतु छग शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दिया है। साथ ही पदांकन के लिए होने वाले कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित करने की मांग किया है। ज्ञातव्य हो कि प्राचार्य पद पर पदांकन के लिए हाल ही में हुए कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पदों को दिखाया गया था।

## पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गरीबों को मिल रहा पक्का आवासः डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



ग्राम पंचायत धरमपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा एक कार्यक्रम में उनके पक्के आवास की चाबियां सौंपकर शुभकामनाएं दी गईं। स्वयं के घर का सपना साकार होने पर हितग्राहियों के चेहरों पर दिखाई दे रही खुशी अत्यंत प्रेरणादायक रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है। डॉ. साहू ने पंचायत मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनके अनवरत प्रयासों, संवेदनशील नेतृत्व और मजबूत प्रशासनिक संकल्प के कारण गरीबों के पक्के आवास का सपना तेजी से साकार हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पंचायत मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति हृदय से कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया गया, जिनके नेतृत्व एवं संकल्प से यह योजना सफलतापूर्वक धरातल पर उतर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा हितग्राही उपस्थित थे।